Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24
website- www.dvpnews.in
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 239 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, बुधवार 12 मार्च 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



मृत्यु शास्त्र का स्वाध्याय, सबसे बड़ा स्वाध्याय है।
Self Study of Mrityushastra, is the best self study.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक आज

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय कैबिनेट की बैठक बुधवार को होगी। यह बैठक शाम 6 बजे मंत्रालय महानदी भवन में होगी। कैबिनेट बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी। कैबिनेट की बैठक में कई बड़े निर्णय लिए जा सकते हैं। बैठक में सरकार के आगामी एजेंडे को लेकर भी अहम फैसले लिए जाने की भी संभावना है। कैबिनेट में अन्य विभागों के प्रस्तावों पर भी चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे। वहीं सत्र के दौरान लिए जाने वाले नए निर्णयों पर भी मंथन होगा।

### डीएमएफ घोटाले में रानू साहू, सौम्या चौरसिया सहित सभी आरोपियों की रिमांड बढ़ी

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ में बहुचर्चित जिला खनिज निधि (डीएमएफ) घोटाला मामले में आरोपी रानू साहू, सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी, माया वारियर और मनोज द्विवेदी की न्यायिक रिमांड 19 मार्च तक के लिए बढ़ा दी गई है।

### रायपुर के पुराने नगर निगम कैंपस में लगी भीषण आग

**रायपुर (विसं)।** राजधानी रायपुर में जयस्तंभ चौक के पास स्थित पुराने नगर निगम कैंपस में मंगलवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई. आग कबाड़ और कचरे में लगी थी, जिससे इलाके में धुएं का गुबार छा गया. आगजनी की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया.

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में जनजाति सलाहकार परिषद की पहली बैठक

# जनजातीय समाज के विकास को नई दिशा





**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज छत्तीसगढ़ जनजाति सलाहकार परिषद की पुनर्गठन पश्चात पहली बैठक विधानसभा परिसर स्थित समिति कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण, शिक्षा, सामाजिक-आर्थिक उन्नयन, प्रशासनिक सुधार और संस्कृति संरक्षण से जुड़े अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कैबिनेट मंत्री एवं जनजाति सलाहकार परिषद के उपाध्यक्ष श्री रामविचार नेताम सहित प्रदेश के वरिष्ठ मंत्रीगण, विधायक, प्रशासनिक अधिकारी एवं परिषद के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने परिषद की पहली बैठक में सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में जनजाति समुदाय की जनसंख्या 32त्न है, और उनका समग्र विकास हमारे राज्य की प्राथमिकता है। यह परिषद केवल विचार-विमर्श का मंच नहीं, बल्कि नीति-निर्माण और निर्णय-क्रियान्वयन की महत्वपूर्ण संवैधानिक इकाई है।उन्होंने बैठक में रखे गए सभी बहुमूल्य सुझावों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए और अधिकारियों से कहा कि जनजातीय समुदाय के जाति प्रमाण पत्र से जुड़ी त्रुटियों के निवारण हेतु विस्तृत अध्ययन कर समाधान सुनिश्चित किया जाए। जनजातीय आस्था स्थलों के संरक्षण एवं विकास हेतु देवगुड़ी के साथ-साथ सरना स्थलों को भी शामिल करने की व्यवस्था की जाए। शिक्षा में सुधार हेतु आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षक विहीन और एकल शिक्षक स्कूलों की समस्या को शीघ्रता से हल किया जाए। जनजातीय समुदाय की आर्थिक सशक्तिकरण योजनाओं पर प्रभावी अमल किया जाए, जिससे उनकी प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हो। कैबिनेट मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ जनजाति सलाहकार परिषद, सरकार और जनजातीय समाज के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करती है। हम सभी सदस्य प्रदेश के एक-तिहाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं, इसलिए हमारी जिम्मेदारी है कि हम शासन की योजनाओं को प्रभावी रूप से समुदाय तक पहुँचाएँ। उन्होंने परिषद द्वारा लिए गए निर्णयों को नीति-निर्माण में प्रभावी रूप से शामिल करने का आश्वासन दिया। बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों ने जनजातीय समुदाय की शिक्षा, आजीविका, सामाजिक-आर्थिक विकास और प्रशासनिक सुधार को लेकर ठोस सुझाव दिए। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सभी प्रस्तावों पर त्वरित और प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए एवं अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि नीतिगत सुधारों का वास्तविक लाभ जनजातीय समुदाय तक पहुँचे। यह बैठक जनजातीय समाज के विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

बैठक में आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने विभिन्न एजेंडा बिंदुओं पर प्रेजेंटेशन दिया और परिषद के समक्ष विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर वन मंत्री श्री केदार कश्यप, विधायक सुश्री लता उसेण्डी, श्रीमती शंकुतला सिंह पोर्ते, श्रीमती उद्देश्वरी पैंकरा, श्रीमती रायमुनी भगत, श्रीमती गोमती साय, विधायक श्री रामकुमार टोप्पो, श्री प्रणव कुमार मरपच्ची, श्री विक्रम उसेण्डी, श्री आशाराम नेताम, श्री नीलकंठ टेकाम, श्री विनायक गोयल, श्री चैतराम अटामी सहित मनोनित सदस्य श्री रघुराज सिंह उईके एवं श्री कृष्ण कुमार वैष्णव उपस्थित थे। बैठक में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।

### जनजातीय समुदाय से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर सुझाव प्रस्तुत

बैठक में परिषद के सदस्यों ने जनजातीय समुदाय के सामाजिक-आर्थिक विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए, जिनमें जनजातीय बालिकाओं के लिए छात्रावासों की संख्या एवं सुविधाओं में वृद्धि, जनजातीय बहुल क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं भर्ती प्रक्रिया को प्रोत्साहित करना, स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर उपलब्धता एवं जनजातीय क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार, आदिवासियों की पारंपरिक आजीविका को सशक्त करने हेतु विशेष योजनाएँ लागू करना,जनजातीय कला, संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए विशेष योजनाएँ लागू करना शामिल है।

# गौरव की बात : मॉरीशस में भोजपुरी भाषा की महत्वपूर्ण मौजूदगी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**पोर्ट लुईस (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वह मॉरीशस में अविस्मरणीय स्वागत से बहुत अभिभूत है। उन्होंने मॉरीशस में भोजपुरी भाषा की महत्वपूर्ण मौजूदगी पर भी खुशी जाहिर की।

पीएम मोदी ने पोर्ट लुईस पहुंचने के बाद एक्स पर हिंदी और भोजपूरी भाषा में पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, मॉरीशस में अविस्मरणीय स्वागत से बहुत अभिभूत हूं। यहां की संस्कृति में भारतीयता किस तरह रची-बसी है, उसकी पूरी झलक गीत-गवई में देखने को मिली। हमारी भोजपुरी भाषा मॉरीशस में जिस तरह से फल-फूल रही है, वह हर किसी को गौरवान्वित करने वाली है।

वहीं भोजपुरी भाषा में उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, मॉरीशस में यादगार स्वागत भइल। सबसे खास रहल गहिरा सांस्कृतिक जुड़ाव, जवन गीत - गवई के प्रदर्शन में देखे के मिलल। ई सराहनीय बा कि महान भोजपुरी भाषा मॉरीशस के संस्कृति में आजुओ फलत-फूलत बा और मॉरीशस के संस्कृति में अबहियो जीवंत बा।

इससे पहले सर शिवसागर रामगुलाम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने पीएम मोदी का माला पहनाकर स्वागत किया। भारतीय समुदाय की तरफ से पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। समुदाय की महिलाओं ने 'गीत गवई' नामक पारंपरिक बिहारी सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से उनका सम्मान किया।



### एक पेड़ मां के नाम: मॉरीशस में मोदी ने किया पौधारोपण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को मॉरीशस के सर शिवसागर रामगुलाम बॉटनिकल गार्डन में 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत एक पौधा लगाया। इससे पहले, उन्होंने गुयाना की अपनी यात्रा के दौरान भी इसी तरह एक पौधा लगाया है। पीएम मोदी के निरंतर प्रयासों के कारण, इस पहल के परिणामस्वरूप भारत में 1 बिलियन से अधिक पेड़ लगाए गए हैं। पीएम मोदी ने 5 जून 2024 को दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क में पीपल का पेड़ लगाकर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की थी। इस पहल का प्रभाव भारत के बाहर के देशों में भी फैल गया है। इसके तहत दुनिया भर के लगभग 136 देशों में कुल 27,500 से अधिक पेड़ लगाए जा चुके हैं। पीएम मोदी दो दिवसीय मॉरीशस यात्रा पर मंगलवार को पोर्ट लुईस पहुंचे। सर शिवसागर रामगुलाम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने पीएम मोदी का माला पहनाकर स्वागत किया। भारतीय समुदाय की तरफ से पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। समुदाय की महिलाओं ने 'गीत गवई' नामक पारंपरिक बिहारी सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से उनका सम्मान किया।

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, मॉरीशस में भारतीय समुदाय द्वारा किए गए गर्मजोशी भरे स्वागत से मैं बहुत प्रभावित हूं। भारतीय विरासत, संस्कृति और मूल्यों से उनका गहरा जुड़ाव वाकई प्रेरणादायक है। इतिहास और दिल का यह बंधन पीढ़ियों से चला आ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को देश के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। भारतीय नौसेना के एक जहाज के साथ भारतीय रक्षा बलों की एक टुकड़ी भी समारोह में भाग लेगी। यह प्रधानमंत्री मोदी की 2015 के बाद पहली मॉरीशस यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी की वर्तमान यात्रा से विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# छ.ग. विधानसभा : तकनीकी खामी से हजारों महतारियों को नहीं मिल रही राशि, विपक्ष ने किया वॉकआउट

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र में महतारी वंदन योजना को लेकर सदन में हंगामा हुआ। विधायक विक्रम मंडावी ने योजना से जुड़ी विसंगतियों पर सवाल उठाया, जिसके बाद पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। जवाब से असंतुष्ट विपक्षी नेताओं ने नारेबाजी की और सदन से वॉकआउट कर दिया।

विधायक विक्रम मंडावी ने सरकार से पूछा कि योजना शुरू होने के बाद कितने पात्र हितग्राही ऐसे हैं, जिन्हें एक भी किश्त नहीं मिली। इसके जवाब में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि 3,971 लाभार्थियों को अब तक एक भी किश्त नहीं मिली है। इसके पीछे बैंक खाते सीडिंग की समस्या और असक्रिय खातों को कारण बताया गया। इस पर विपक्ष ने सवाल उठाया कि तीन हजार से अधिक लोगों की राशि आखिर कहां जा रही है? मंत्री राजवाड़े ने जवाब दिया कि तकनीकी खामियों को जल्द दूर कर भुगतान किया जाएगा।

**विपक्ष ने किया वॉकआउट :** विपक्षी नेता उमेश पटेल ने सवाल किया कि क्या सभी 3,971 लोगों को एक साल की बकाया राशि एक साथ दी जाएगी? इस पर पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने कहा कि पुरानी राशि वापस नहीं मिलती। इस जवाब से असंतुष्ट विपक्षी विधायकों ने नारेबाजी की और सदन से वॉकआउट कर दिया।

**पेंशन योजना का मुद्दा भी उठा :** कांग्रेस विधायक कुंवर सिंह निषाद ने पेंशन योजना का मुद्दा उठाते हुए सरकार से पूछा कि किन योजनाओं के तहत पेंशन दी जा रही है। जवाब में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि छह योजनाओं के तहत पेंशन का वितरण किया जा रहा है।

इसके बाद निषाद ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में 40त्न दिव्यांगों को पेंशन नहीं मिल रही। इस पर मंत्री ने स्पष्ट किया कि केवल शासन द्वारा सूचीबद्ध लाभार्थियों को ही योजना का लाभ दिया जा रहा है।

### सदन में गूंजा जर्जर सड़क होने का मुद्दा

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के 11वें दिन की कार्यवाही शुरू हो गई है. आज सदन में प्रश्नोत्तर काल के बाद आदिम जाति विकास मंत्री राम विचार नेताम और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा के विभागों से जुड़े मामलों पर ध्यान आकर्षण प्रस्ताव लाया जाएगा. प्रधानमंत्री सड़क के जर्जर होने का भी मुद्दा उठाया जाएगा. वहीं आज के सत्र में वित्तीय वर्ष 2025-26 की अनुदान मांगों पर चर्चा होगी. इसमें उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के विभागों से संबंधित मामलों पर चर्चा होगी। गिरौधपुरी धाम के विकास के लिए स्वीकृत राशि में अनियमितता का मामला उठाया जाएगा.

# देर रात तक चलती रही ईडी की जांच

**भिलाई-रायपुर (आरएनएस)।** दुर्ग में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने हाल ही में कई प्रमुख स्थानों पर दबिश दी। इस कार्रवाई के तहत कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री एवं लोकसभा सांसद कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू, होटल कैम्बियन के मालिक एवं राइस मिलर कमल अग्रवाल, बिल्डर मनोज राजपूत, राइस मिलर विनोद अग्रवाल, भिलाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं वैशाली नगर विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश चंद्राकर, सहेली ज्वेलर्स के मालिक सुनील जैन और स्टाम्प वेंडर संतोष स्वर्णकार के घर और कार्यालयों में छापेमारी की गई। सबसे अधिक समय तक जांच राजेंद्र साहू और मनोज राजपूत के निवास पर चली। मनोज राजपूत के नेहरू नगर स्थित मकान में सुबह से शाम तक कार्रवाई जारी रही। इसके बाद उनकी लेआउट साइट ऑफिस पर भी रात 10:30 बजे तक जांच चलती रही। जांच के दौरान ईडी की टीम ने मनोज राजपूत के घर से कंप्यूटर हार्ड डिस्क, मोबाइल और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए। ईडी ने मनोज राजपूत से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल के साथ संबंधों की जानकारी मांगी। इसके अलावा उनके करोड़ों के घर और बड़े प्रोजेक्ट में लगाई गई राशि का भी विवरण पूछा गया। कांग्रेस नेता राजेंद्र साहू के निवास पर देर शाम तक जांच जारी रही। जैसे-जैसे शाम ढलती गई, उनके समर्थक और कांग्रेस के अन्य नेता उनके घर के बाहर एकत्रित हो गए। नाराज समर्थकों ने कार्यवाही के विरोध में जमकर नारेबाजी भी की। आखिरकार देर रात ईडी की टीम ने अपने साथ कई महत्वपूर्ण दस्तावेज लेकर अपनी जांच समाप्त की।

### भूपेश बघेल के निवास पर ईडी की छापेमारी को लेकर कांग्रेस का प्रदेशव्यापी विरोध-प्रदर्शन

**रायपुर (आरएनएस)।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की छापेमारी के विरोध में आज कांग्रेस पूरे प्रदेश में प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भूपेश बघेल के खिलाफ हुई इस कार्रवाई को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में गहरा आक्रोश है। शुक्ला ने बताया कि देशभर में ईडी की कार्रवाई की निंदा हो रही है, और छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर आज विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को ईडी द्वारा समन भेजे जाने पर शुक्ला ने कहा कि ईडी ने चैतन्य बघेल को 15 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। कांग्रेस इस कार्रवाई के खिलाफ प्रदेशभर में अपना विरोध जारी रखेगी।

# भगवान बनने के लिये कोई विशेष शिक्षा की जरूरत नहीं, मात्र अपनी आंतरिक शक्ति का अहसास और पुरुषार्थ जरूरी है: मुनि श्री समतासागर जी महाराज





### मुनि श्री ने कहा- संसार की प्रत्येक आत्मा परमात्मा बन सकती है

## मुनि श्री का मालवीय रोड दिगम्बर जैन मन्दिर में हुआ मंगल प्रवेश

**रायपुर (विश्व परिवार)।** नेता बनने के लिये किसी विशेष शिक्षा की जरूरत नहीं पड़ती, सभी के अंदर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति बनने की योग्यता है लेकिन यह पद उसी को मिलता है जो अपनी संसदीय योग्यता को प्रकट करता है, संसार में भगवान बनने के लिये प्रत्येक आत्मा स्वतंत्र है, लेकिन उसे धर्म के क्षेत्र में उतर कर अपनी आंतरिक शक्ती को स्वंय अहसास कर प्रकट करना होगा जब तब तक वह उसे प्रकट नहीं करेगा तब तक वह भगवान नहीं बन सकता उन्होंने कहा स्वतंत्रता पूर्व नारा दिया गया था कि स्वतंत्रता हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है भगवान आदिनाथ ने तो यह नारा बहूत पहले से ही जीव मात्र को दे दिया था कि स्वतंत्रता पाना तुम्हारा जन्म सिद्ध अधिकार हैलेकिन यह स्वतंत्रता तुम्है तुम्हारे पुरुषार्थ से मिलेगी, उन्होंने कहा कि मोक्ष किसी को किसी की कृपा से नहीं मिलता उसको उसके पुरुषार्थ से ही मिलता है इसी लिये जैन सिद्धांत ने नारा दिया कि हर आत्मा परमात्मा बन सकती है।

मुनि श्री ने एक कथानक सुनाते हुये कहा कि एक बार की बात है लोगों की सिकायतों को सुनते सुनते भगवान परेशान हो गये तो वह वृह्मा जी के पास गये और बोले आपने कैसे इंसान की रचना की है हम बहुत परेशान हो गये है हम जिधर भी जाते है वह हमें ढूंढ ही लेति है, तो वृह्मा जी ने कहा कि इंसान से छुटकारा पाना है तो इंसान के दिल में बैठ जाओ, क्योंकि इंसान इधर उधर तो झांकता है लेकिन अपने दिल में कभी नहीं झांकता यह कहानी भले ही किसी ने लिखी हो लेकिन सत्य है आप लोग इधर उधर तो परमात्मा को पाने के लिये नदी पहाड़ में भटक रहे हो लेकिन जंहा तुम्हारा परमात्मा विराजमान है, उस ओर आपकी दृष्टि ही नहीं जाती जंहा पर उसका परमात्मा विराजमान है, उन्होंने कहा कि अनादि से यह जीव अशुद्ध अवस्था में चला आ रहा है, लेकिन एक बार शुद्ध और सिद्ध हो जाऐगा तो फिर लौटकर कभी संसार में नहीं आऐगा

स्वभाव से तो सभी जीव शुद्ध है लेकिन प्रवत्ति से सभी अशुद्ध है, शक्ती की आपेक्षा से हम शुद्ध है लेकिन अभिव्यक्ति की आपेक्षा से हम अशुद्ध है।

मुनि श्री ने कहा कि गुरुदेव ने अहिंसा के क्षेत्र में गौ शालाऐं तथा हस्तकर्घा को खोलकर पशुपालन कर जीवदया के क्षेत्र को आगे बड़ाया है। मुनि श्री ने कहा कि आजकल शिक्षा और चिकित्सा को जो सेवा के क्षेत्र थे उसकी शिक्षा इतनी महंगी हो गई है कि वह चिकित्सा शिक्षा शुद्ध व्यापारिक हो चुकी है आजकल कोई भी बच्चे विना आपरेशन नहीं होते उसका कारण है कि जो व्यक्ति करोड़ों रुपया खर्च करके डाक्टर बना है वह जनसेवा नहीं करेगा इसलिये उनसे आपेक्षा रखना भी व्यर्थ है जल से पतला ज्ञान है, और पाप भूमी से भारी, क्रोध अग्नी से तेज है, कलंक काजल से काली चंदनिया छीनी रे छीनी यह तो एक ज्ञानी की परिभाषा है लेकिन किसी दूध बाले ग्वाले से पूंछो तो वह जल से पतला दूध है, केन भूमी से भारी, लट्ठ अग्नी से तेज है और भेंस हमारी काजल से काली

उपरोक्त जानकारी राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं स्थानीय प्रचार प्रमुख अतुल जैन गोधा ने देते हुये बताया मुनि श्री का आज छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में डी. डी.नगर से मंगल प्रवेश हुआ इस अवसर पर डी.डी.नगर, मालवीय रोड़, टैगोरनगर, शंकरनगर, लाभांडी, कचना, से सभी मंदिरों की कमेटियां पधारी एवं मुनिसंघ को श्री फल अर्पित किये।

मुनि श्री समतासागर महाराज को डी. डी नगर में पड़गाहन कर आहार दैने का सौभाग्य बड़ा जैन मंदिर पंचायत के अध्यक्ष यशवंत जैन एवं श्रीमति जया जैन परिवार को मिला अपरांह मुनिसंघ का मंगल विहार दि. जैन बड़ा मंदिर मालवीय रोड़ के लिये गाजेबाजे के साथ हुआ इस अवसर पर सकल जैन समाज के पदाधिकारियों ने मुनिसंघ की भव्य मंगल अगवानी की प्रवक्ता आविनाश जैन ने बताया मुनिसंघ का रात्री विश्राम यंही होगा एवं प्रात:काल 8= बजे से आचार्य गुरूदेव की पूजन एवं मुनिसंघ की मांगलिक देशना होगी।

### आर्यिका संघ का शंकर नगर दिगंबर जैन मंदिर में मंगल आगमन

आर्यिका रत्न समून्नत मति माताजी, समिति मति माता जी, विजित मति माता जी का शंकर नगर दिगंबर जैन मंदिर में मंगलवार को शुभ मंगल आगमन हुआ। उनके बिहार में मालवीय रोड दिगंबर जैन मंदिर के पूर्व अध्यक्ष नवीन मोदी-श्रीमती कविता मोदी, श्री अजय जैन रेलवे, संदीप जैन, सुधांशु जैन, अंकुर जैन डीडी नगर, अभिषेक जैन डीडी नगर, प्रसंग जैन, अनुराग जैन आदि उपस्थित रहे।



### रानू जैन समग्र जैन समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत

आर्यिका रत्न गुरुमति माताजी ससंघ डोंगरगढ़ से तीर्थ राज सम्मेद शिखर की वंदना हेतु पद विहार कर रही हैं, तिल्दा नेवरा मे बुधवार को उनका शुभ मंगल प्रवेश होगा 40 माता जी के विशाल संघ का नेतृत्व कर रहे श्री रानू जैन, निवासी फाफाडीह रायपुर, सदैव जैन धर्म के प्रति समर्पित भाव से अपनी संपूर्ण निष्ठा एवं धर्म परायणता की मिसाल कायम करते हैं वे संपूर्ण समाज जनो के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।



# करदाता मार्च के बाद संपत्तिकर जमा किया तो देना पड़ेगा 15 प्रतिशत ब्याज, लगेगा एक हजार फाइन




संपत्ति कर जमा करने के लिए निगम राजस्व टैक्स काउंटर में लोगों की भीड़

**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम। वित्तीय वर्ष 2024-25 के कर लक्ष्य को पूरा करने निगम ने पूरी ताकत झोंक रखी है। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने टैक्स वसूलने वाली राजस्व विभाग टीम को हर हाल में लक्ष्य के करीब पहुंचने के लिए कहा गया है।इधर निगम प्रशासन ने नागरिको से अपील कर दी है कि 31 मार्च के बाद टैक्स जमा करने वालों को 15 प्रतिशत ब्याज व एक हजार रुपये अधिभार देना होगा।हालांकि इस बार संपत्ति कर जमा करने के लिए राजस्व टैक्स काउंटर में लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है।निगम प्रशासन द्वारा संपत्ति कर जमा करने के लिए विशेष व्यवस्था की है। छुट्टी के दिन भी लोग संपत्ति कर जमा कर सकते हैं।मात्र होली के दिन अवकाश रहेगा। नगर पालिक निगम द्वारा 31 मार्च के पहले संपत्तिकर जमा करने पर मिल रही है छूट टैक्स वसूलने के लक्ष्य को पूरा करने में निगम राजस्व अधिकारी आरके बोरकर, सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर सहित राजस्व अमला ने पूरी ताकत झोंक दी है।नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने इसके लिए विशेष व्यवस्था करवाई है। कोई भी व्यक्ति बिना किसी परेशानी के संपत्ति कर जमा कर सकते है। आयुक्त ने कहा है कि जलकर, संपत्ति कर, भूभटक सही समय पर जमा करने पर अधिभार नहीं लगेगा। 31 मार्च के बाद देना पड़ेगा 15 फीसदी तक अधिभार वित्तीय वर्ष 2024-25 का टैक्स जमा करने के लिए केवल 20 दिन ही शेष रह गए हैं। 31 मार्च की अंतिम तिथि तक टैक्स जमा करने में अधिभार नहीं लगेगा। इसके बाद से 15 प्रतिशत व एक हजार रुपये अतिरिक्त अधिकार लगेगा।

# कलिंगा विश्वविद्यालय ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वी स्मृति 2.0 पत्रिका का विमोचन किया







**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कलिंगा विश्वविद्यालय के IEEE WIE AG MP अनुभाग, IEEE KU SB और छात्र कल्याण डीन (DSW) ने 8 मार्च 2025 (शनिवार) को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। इस अवसर पर सेमिनार हॉल में डीन, विभागाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष और आईसीआईसीआई बैंक के विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में पत्रिका 'वी स्मृति 2.0' का विमोचन किया गया।

सेमिनार हॉल के प्रवेश द्वार पर सभी अतिथियों का तिलक आरती द्वारा स्वागत किया गया। सेमिनार हॉल में कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। आईईईई एमपी सेक्शन की सचिव एवं अध्यक्ष महिला इंजीनियरिंग एजी तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल (आईक्यूएसी) की निदेशक डॉ. विजयलक्ष्मी बिरादर, छात्र कल्याण की प्रभारी डीन लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर ने आईसीआईसीआई बैंकों से आए विशिष्ट अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईईईई एमपी सेक्शन के अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) जीएस तोमर और हैदराबाद की नेचर बायो प्लास्टिक पर्यावरणविद् की संस्थापक सुश्री प्रतिभा भारती ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित थीं। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित किया और ऑनलाइन माध्यम से उन्हें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। डॉ. विजयलक्ष्मी ने बताया कि पत्रिका के लेख तीन देशों, 17 राज्यों की महिला प्रतिभागियों द्वारा लिखे गए तथा सभी आयु वर्ग की महिलाओं ने पत्रिका के लिए लेख लिखे। पत्रिका में स्वस्थ जीवन, तनाव प्रबंधन, सकारात्मकता, रचनात्मक सोच और अपने लिए समय जैसे पांच खंड शामिल हैं। पत्रिका में कुल 118 लेख शामिल किए गए। संकायों को ई-प्रतियां उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम के दौरान कुल 80 प्रतिभागी उपस्थित थे।

आईसीआईसीआई बैंक की ओर से विशेष अतिथि श्री इरशाद कुरैशी ने शेयर बाजार और आईसीआईसीआई बैंक की लोकप्रिय निवेश योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान श्री इरशाद कुरैशी, श्री सुशांत साहू क्षेत्रीय प्रमुख और अन्य उपस्थित थे। श्री सुशांत साहू को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए समूह फोटोग्राफी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

**प्रदेश में बलौदाबाजार-भाटापारा जिला पीएम आवास निर्माण में द्वितीय स्थान पर**

# कलेक्टर दीपक सोनी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले आवास मित्रों को किया सम्मानित




**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास निर्माण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो आवास मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इनमे विकासखंड सिमगा अंतर्गत पदस्थ आवास मित्र विनोद कुमार एवं देव कुमार शामिल हैं।

बताया गया कि वर्ष 2024- 25 में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास पूर्ण कराने वाले जिले में बलौदाबाजार-भाटापारा प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। जिले को 48079 आवास निर्माण का लक्ष्य मिला है जिसके विरुद्ध अब तक 38224 आवास स्वीकृत किये गये हैं। इनमे से 17668 आवास निर्माण हेतु द्वितीय किश्त की राशि जारी कर दी गई हैं एवं 7930 आवास पूर्ण हो गए हैं।

ज्ञातव्य है कि कलेक्टर दीपक सोनी ने विगत दिनों प्रधानमंत्री आवास निर्माण की समीक्षा बैठक में तेजी से एवं गुणवापूर्ण आवास निर्माण कारने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आवास मित्रों को सम्मानित करने के निर्देश दिये थे। जिले में आवास मित्रो के द्वारा प्रधानमंत्री आवास निर्माण में हितग्राहियों को आवश्यक सहयोग किया जा रहा है ताकि जल्द से जल्द आवास निर्माण पूरा हो सके।

## कलेक्टर ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय-सीमा की बैठक में विभागीय काम काज की समीक्षा की। उन्होनें समय-सीमा के तहत दर्ज प्रकरणों के निरकारण में तेजी लाने तथा ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में विकास कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिये। केंद्रीय सहित राज्य के महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्रत्येक सोमवार को कार्यालय में उपस्थित रहने और लोगों की समस्याओं का निराकरण करने कहा। नजुल नवीनीकरण के लिए अभियान चलाने, उपार्जन केंद्रों से धान उठाव में तेजी लाने कहा।

# चरौदा निगम कमिश्नर ने बैठक में दिये निर्देश, आयुष्मान पंजीयन कार्य शीघ्र पूरा करने कर्मचारियों को चेताया



**भिलाई ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम भिलाई चरौदा कार्यालय में मंगलवार दिनांक 11 मार्च 2025 को आयुष्मान पंजीयन कार्य पर बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में निगम कमिश्नर डी एस राजपूत द्वारा कार्य से संलग्न कर्मचारियों से एक एक वार्ड में अब तक किये गये आयुष्मान पंजीयन 70 वर्ष से अधिक के नागरिकों एवं नये राशन कार्ड से बनाये गये की जानकारी प्राप्त की गयी।

गौरतलब है कि भिलाई-चरोदा निगम को प्राप्त लक्ष्य 96726 के विरूद्ध 81909 आयुष्मान पंजीयन किया जा चुका है। जबकि वर्तमान में 15600 लोगों का पंजीयन नये सिरे से किया जाना शेष है। बडी हुयी संख्या में नये राशन कार्ड धारक भी शामिल है। इसके अलावा 70 वर्ष से अधिक के वरिष्ट जनों के भी आयुष्मान पंजीयन का टारगेट 30 प्रतिशत तक पूरा कर लिया गया है।

निगम कमिश्नर डी एस राजपूत चर्चा में कहा कि भारत सरकार की सबसे महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक ये आयुष्मान भारत योजना है। जिसमें पंजीयन करा चुके लोगो को 5 लाख तक का चिकित्सा सुरक्षा चक्र का लाभ प्राप्त हो रहा है। चिकित्सा सुविधा का जो लाभ आयुष्मान भारत योजना में मिलता है, उसके विषय में हम सभी को बडी ही गंभीरता से विचार करने और कार्य करने की जरूरत है। क्योंकि पैसो की कमी के कारण समय पर इलाज नही होने से बीमार व्यक्ति और उनके परिजनों की स्थिति अत्यधिक पीड़ा दायक होती है। इस कारण आयुष्मान पंजीयन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी पात्र लोगों का पंजीयन करे।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
**जोन क्रमांक 09**
**मोवा थाना के पास स्थित सामुदायिक भवन**

**// निविदा संशोधन सूचना //**

क्रमांक /570/न.पा.नि./ जोन क्र . 09/2025 — रायपुर, दिनांक 11.03.2025

कार्यालयीन निविदा सूचना क्रमांक 562/न.पा.नि./ जोन क्र.9/2024 रायपुर, दिनांक 04.03.2025 में निविदा सूचना में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-
(1) प्रथम निविदा सूचना में निविदा खोलने का दिनांक 20.03.2025 के स्थान पर दिनांक 26.03.2025
(2) द्वितीय निविदा सूचना में निविदा खोलने का दिनांक 17.03.2025 के स्थान पर दिनांक 19.03.2025

पढ़ा जावे। निविदा की शेष नियम एवं शर्ते यथावत् रहेंगी।

**घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।**

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-9
नगर पालिक निगम, रायपुर

**NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN**
नवा रायपुर अटल नगर
Paryavas Bhawan,North Block,Sector-19, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur-492 002, Chhattisgarh
Tel No: +91 771 2512500, Fax No.: +91 771 2512400
website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

**E-Procurement Short Tender Notice**

The chief Executive officer, NRANVP invites tender for following works :

**NIT No.: 92/AMC-VB-ES-II/EE(E)/CE/NRANVP/2024-25, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur Dated: 10.03.2025**

**Name of Work: "Annual Maintenance of Electrical system (HT & LT), Building Electrification and Comprehensive Annual Maintenance of UPS in Retail Complex, Commercial Complex and Office Complex at Sector 21 and sector 24 of Nava Raipur Atal Nagar, Dist. - Raipur (C.G.)" (2nd Call)**

**Estimated cost: INR 60.00 Lakh/year, EMD: INR 1.20 Lakh, Period of Completion: 36 Months**

**Last Time & Date of Online Submission: 15:00hrs on 26.03.2025**

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portel (Website) http://eproc..cgstate.gov.in Directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

**Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.**

Chief Engineer
NRANVP

SAMVAD- 43202/ 4

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./18941/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2025
रायपुर दिनांक : 11-03-2025

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 18941**
**वार्ड का नाम-67-भक्तमाता कर्मा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR663INE015** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती MADHURESH AGRAWAL (HUF)** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KISHOR KUMAR AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती ANCHAL TUSHANT RATHOD** पिता/पति, श्री/श्रीमती **TUSHANT RATHOD** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./19014/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2025
रायपुर दिनांक : 11-03-2025

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 19014**
**वार्ड का नाम-68-खूबचंद बघेल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 68 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR567B00377** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती KALPANA DIGHE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. RAJENDRA DIGHE** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती GEETA CHANDEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MANGAL DAS CHANDEL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./19016/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2025
रायपुर दिनांक : 11-03-2025

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 19016**
**वार्ड का नाम-68-खूबचंद बघेल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 68 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR567C00639** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती PRASHANT JASANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KANTILAL JASANI** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती JAY KUMAR DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JIVARAKHAN DEWANGAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./19015/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2025
रायपुर दिनांक : 11-03-2025

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 19015**
**वार्ड का नाम-67-भक्त माता कर्मा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR567K0371D** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती MADHURESH AGRAWAL HUF** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KISHOR KUMAR AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती PRASHANT KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ASHOK KUMAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./18942/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2025
रायपुर दिनांक : 11-03-2025

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 18942**
**वार्ड का नाम-67-भक्त माता कर्मा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR663GAG071** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती RUNU S. N. PRADHAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HARI BANDHU JENA** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती RAKHI THAKUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BHAGWAN SINGH THAKUR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./17940/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2025
रायपुर, दिनांक 11-03-2025

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 17940**
**वार्ड का नाम-11-कालीमाता वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- **11** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR330D00376** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KANAKLATA GREGORY** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O VALENTINE GREGORY** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **सुश्री क्लेरिटा ग्रेगरी** पिता/पति श्री/श्रीमती **पिता - स्व. श्री वेलेनटाइन ग्रेगरी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
**नामांतरण प्रकरण क्र. 854 दिनांक 11.03.2025**
**वार्ड का नाम- जय बुढ़ादेव वार्ड**
**वार्ड क्र. 27 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **27** मांग **पंजी क्र. 172 युआईडी 25427** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **के. एम. पाण्डेय / राम अनुज पाण्डेय** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **भूपिंदर सिंह / दिलबाग सिंह** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **10-04-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
**नामांतरण प्रकरण क्र. 855 दिनांक 11.03.2025**
**वार्ड का नाम- ठाकुर प्यारे लाल वार्ड**
**वार्ड क्र. 11 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **11** मांग **पंजी क्र. 602 युआईडी 15840** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **के. कैलाश वर्मा / रामाधार वर्मा** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **मधु वर्मा / देवकुमार वर्मा** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **10-04-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./18932/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2025
रायपुर दिनांक : 11-03-2025

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 18932**
**वार्ड का नाम- 27 - इंदिरा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR737D00103** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SITA DEVI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O RAMESH AGARWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. श्री आनंद कुमार अग्रवाल पिता - स्व. श्री रमेश कुमार अग्रवाल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **2. श्री रितेश कुमार अग्रवाल पिता - स्व. श्री रमेश कुमार अग्रवाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./18928/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2025
रायपुर दिनांक : 11-03-2025

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 18928**
**वार्ड का नाम- 27 - इंदिरा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR737B00109** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SUSHIL KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O KESHAV DAS** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती बरखा किंगरानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति श्री गुरमुख किंगरानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./18845/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2025
रायपुर, दिनांक 11-03-2025

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 18845**
**वार्ड का नाम-30- शंकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- **30** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR331C00275** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PRAMOD KHANDELWAL** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O SHANKAR LAL KHADELWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती रिंकू कुमारी** पिता/पति श्री/श्रीमती **पति - श्री मुन्ना कुमार शर्मा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./14698/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2025
रायपुर दिनांक : 11-03-2025

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 14698**
**वार्ड का नाम-67-भक्तमाता कर्मा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR663F00497** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती PRADHAN ASSOCIATES PRO LALATENDU KESHRI PRADHAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. S. S. PRADHAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री रूपेश कुमार साहू** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता - श्री नन्द कुमार साहू** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./19013/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2025
रायपुर दिनांक : 11-03-2025

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 19013**
**वार्ड का नाम-42-पं. सुन्दर लाल शर्मा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 42 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR566F0305B** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती ADITYA ALOK SHRIVASTAVA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. DEVI PRASAD SHRIVASTAVA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. TEJAS SALUNKHE S/O BHALCHAND SALUNKHE 2. VAIBHAV SALUNKHE S/O BHALCHAND SALUNKHE** पिता/पति, श्री/श्रीमती ... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./18940/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2025
रायपुर दिनांक : 11-03-2025

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 18940**
**वार्ड का नाम-67-भक्तमाता कर्मा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR663INE017** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती KISHOR KUMAR AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. RAMESHWAR LAL AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **VINEETA SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LEKH RAM SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

www.dainikvishwaparivar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर बुधवार 12 मार्च 2025



# आगामी त्योहार शांतिपूर्वक मनाने को लेकर किया गया गहन विचार विमर्श

**आपातकालीन स्थिति के लिए सूरजपुर पुलिस कंट्रोल रूम का नम्बर ''9479193999'' व ''9575770004''**

**गोपाल सिंह विद्रोही**



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- कलेक्टर एस.जयवर्धन की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में आगामी त्यौहार व पर्व शांतिपूर्वक, सद्भाव के साथ मनाने को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया। जिसमें होलिका दहन, होली, ईद उल फित्तर व अन्य समाज के धार्मिक, सामाजिक पर्वो को जिले के गरिमा के अनुकूल सामाजिक समरसता, सौहार्दपूर्ण एवं सद्भावना पूर्वक मनाये जाने की अपील की गई। बैठक में पुलिस, यातायात पुलिस, स्वास्थ्य, नगरपालिका, विद्युत, अग्निशमन व अन्य विभाग को उचित प्रबंधन के साथ सतर्क रहने के लिए निर्देशित किया गया। त्यौहार में किसी अप्रिय घटना होने की स्थिति में जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में त्वरित स्वास्थ्य सेवा मिल सके इसके लिए सीएमएचओ डा. कपिल पैकरा को उचित प्रबंधन हेतु निर्देशित किया गया। मरीज को रेफर करने के स्थिति में संबंधित अस्पताल को तुरंत सूचना मिले इसकी पुख्ता व्यवस्था की बात भी कही गई।

केमिकल युक्त बैन कलर, मुखौटे, बिना नंबर प्लेट की गाड़ी, तेज गति से बाइक चलाने वाले बाइकर्स, अतिरिक्त सवारी वाले गाड़ियों, ड्राई डे के उल्लंघन के स्थिति पर सख्त कार्यवाही की बात कही गई। इसके साथ ही आदर्श आचार संहिता के पालन व डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध की बात कही गई।

कलेक्टर ने बैठक में जिला शांति समिति के सभी सदस्यों से अपनी बात साझा करते हुए कहा कि जिले की पहचान मेलजोल और आपसी सौहार्द से है, और यहां सभी वर्गों के लोग मिलकर त्योहारों की खुशियां साझा करते आए हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि आगामी त्योहारों को भी इसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं और किसी भी अफवाह अथवा विवादास्पद गतिविधि की सूचना तत्काल जिला प्रशासन या पुलिस को दें।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत कुमार ठाकुर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी की जिम्मेदारी है कि हम अपने देश व समाज के विकास के लिए अपनी सार्थक भूमिका के साथ योगदान देवें। एक दूसरे समाज और धर्म के लोगों के साथ सद्भावना पूर्वक मिल कर रहे और एक दूसरे का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह के अपवाह से बचें और समाज पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव को रोकने के लिए अपने-अपने समाज के युवाओं को अफवाह से बचने के लिए प्रोत्साहित करें। इसके साथ ही उन्होंने आपातकालीन स्थिति में उपस्थित जनों के साथ सूरजपुर पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर ''9479193999'' व ''9575770004'' भी साझा किया और आशा जताई की जिले के नागरिक इस आपातकालीन नंबर का उपयोग समझदारी व विवेकपूर्ण तरीके से करेगें। बैठक में शांति समिति के सदस्य, पुलिस अधीक्षक श्री संतोष महतो, एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती चांदनी कंवर व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री विनय लंगेह ने आज राजस्व अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक लेकर विभिन्न राजस्व योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रशासनिक कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में किसान पंजीयन, डिजिटल क्रॉप सर्वे, लोक सेवा गारंटी, नक्शा अपडेशन और राजस्व मामलों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। इसके अलावा उन्होंने आगामी होली पर्व को देखते हुए विभिन्न स्तरों पर शांति समिति की बैठक की तैयारियों का भी जायजा लिया गया। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों का पंजीयन 20 मार्च तक समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि वे सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त कर सकें। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पात्र किसान पंजीयन से वंचित न रहे और प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। अभी तक 1 लाख 30 हजार किसानों के लक्ष्य के विरुद्ध 64 हजार 924 किसानों का पंजीयन किया जा चुका है। कलेक्टर ने सभी तहसीलों में प्रतिदिन एक हजार किसानों का पंजीयन का लक्ष्य दिया है। इसके साथ ही पंजीयन पश्चात पटवारियों को अप्रूवल करने के निर्देश भी दिया हैं। बैठक में कलेक्टर ने डिजिटल क्रॉप सर्वे के तहत जिले में सटीक डाटा तैयार किया जा रहा है। कलेक्टर ने सर्वे कार्य को शीघ्र और सही तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि सही आंकड़े उपलब्ध कराए जा सकें। उन्होंने जिन तहसीलों में कार्य शुरू नहीं हुआ है वहां सर्वे कार्य करने के निर्देश दिए हैं। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत आने वाली सेवाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नागरिकों को तय समय-सीमा में सेवाएं प्रदान की जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। इनकी सतत समीक्षा होनी चाहिए। जिले में नक्शा अपडेटेशन की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि सभी भू-अभिलेख डिजिटल रूप में अपडेट किए जाएं और इस प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जाए। कलेक्टर ने लंबित राजस्व प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जल्द से जल्द इनका निराकरण करें। उन्होंने खासतौर पर नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन जैसे मामलों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर

**कोरबा(विश्व परिवार)।** बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य व पोषण को लेकर काम करने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों में आज ताला लटके रहे और कोई काम नहीं हुआ। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए। उनका आरोप है कि सरकार लंबित मांगों को नजरअंदाज कर रही है। कोरबा जिले के शहरी और ग्रामीण परियोजनाओं में हड़ताल की वजह से आज आंगनबाड़ी केन्द्रों की सेवाएं ठप रही। यहां पर जो बच्चे पहुंचे थे उन्हें बैरंग लौटना पड़ा। बाद में दूसरे माध्यम से पता चला कि संचालन करने वाले हड़ताल पर हैं। सूत्रों के मुताबिक कर्मियों के संयुक्त मंच-छत्तीसगढ़ ने केंद्रीय बजट में लंबित मांगों को शामिल कर पूर्ण करने की मांग के लिए प्रदर्शन किया। जिला मुख्यालय में संगठन के कार्यकर्ताओं ने ओपन थिएटर घंटाघर में नारेबाजी करने के साथ मांगों दोहराई। उन्होंने कहा कि फिलहाल एक दिन के लिए हड़ताल की गई है और इसी से केन्द्रों का कामकाज ठहर गया है। आगे लंबी हड़ताल होगी तो अफसरों से लेकर सरकार को समझ में आ जाएगा। संयुक्त मंच की कोरबा जिलाध्यक्ष श्रीमती वीणा साहू ने बताया कि मांगों की ओर सरकार का ध्यानाकर्षण करते इसे मार्च 2025 के बजट में प्रावधान करते हुये शीघ्र पूर्ति करने का आग्रह किया गया है। वे कर्मियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने की मांग कर रही है। इसके विकल्प में घोषणा होने तक उन्हें 21 हजार और सहायिकाओं को 18 हजार वेतन सरकार से चाहिए।

# दुर्घटना में घायल युवक नहीं मिली डायल 112 और 108 की सेवा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** सीएसईबी चैकी अंतर्गत बीती रात दो बाइकों में आमने सामने भिडंत हो गई। सीएसईबी चौकी के पीछे पंपहाउस जाने वाले मार्ग पर यह दुर्घटना हुई। इस हादसे का दु:खद पहलु यह रहा,कि मदद के लिए डायल 112 और 108 को कई बार फोन किया गया लेकिन समय पर मदद नहीं मिली। पूरे एक घंटे तक घायल मौके पर तड़पता लेकिन आपातकालीन सेवा उसे नहीं मिल सकी। अंत में राहगीरों की मदद से घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। कोरबा शहर में बीती रात हुए एक सडक हादसे ने आपातकालीन सेवा में लगे डायल 112 और 108 संजीवनी एक्सप्रेस पर सवाल खड़े कर दिए। सीएसईबी चैकी अंतर्गत पंपहाउस जाने वाले मार्ग पर दो बाइकों की आपस में जबरदस्त भिडंत हो गई। दुर्घटना में दोनों ही बाइक के चालक घायल हो गए,जिनमें से एक व्यक्ति के पैर पर गंभीर चोट लगी। मौके पर मौजूद एक जागरुक युवक ने डायल 112 और 108 संजीवनी एक्सप्रेस को फोन लगाते लगाते थक गया, लेकिल उसे मदद नहीं मिल सकी। एक घंटे तक घायल मौके पर पड़े रहे लेकिन अंत तक सहायता नहीं मिली। अंत में स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को अस्साल भिजवाया गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिती निर्मित हो गई थी। लोगों की भीड़ भी काफी हो गई थी। सीएसईबी चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे का शिकार बाइकों को साईड किया। फिलहाल दोनों घायलों का उपचार अस्पताल में जारी है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 49 शिक्षिकाओं का संम्मान

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिला श्रद्धा महिला मंडल के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों से प्रभावित हो कर सृष्टि महिला समिति कोरबा ने देश के भविष्य का निर्माण करने वाली शिक्षिकाओं का सम्मान करने का पुनीत आयोजन किया था। श्रद्धा महिला मंडल के तत्वावधान में हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया जाता है, तदनुसार इस वर्ष सृष्टि महिला समिति ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस महती आयोजन में एसईसीएल डीएवी स्कूल एवं बीकन स्कूल की 46 शिक्षिकाओं को आमंत्रित किया गया, इसके साथ सृष्टि महिला समिति की 3 सदस्यों जो विभिन्न स्कूलों में शिक्षिका है। सभी का सर्वप्रथम हल्दी कुमकम लगा कर स्वागत कर उन्हें स्थान ग्रहण कराया गया, तत्पश्चात अध्यक्षा सृष्टि महिला समिति श्रीमती श्वेता पंड्या ने डीएवी शिक्षिकाओं एवं बीकन स्कूल की शिक्षिकाओं एवं सृष्टि महिला समिति की सदस्याओं के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का आरंभ किया। अध्यक्षा सृष्टि महिला समिति श्वेता पंड्या ने अपने स्वागत भाषण में महिलाओं के सशक्तिकरण के साथ सभी महिलाओं को आत्म सहानुभूति से आगे बढ़ कर आत्म बोध के लिए भी प्रयास करने की दिशा में मंथन करने का सुझाव दिया। उन्होंने श्रद्धा महिला मंडल के तत्वावधान में किए जाने वाले सामाजिक कार्य एवं सृष्टि महिला समिति के द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी भी प्रदान की। इसके के पश्चात डीएवी स्कूल की शिक्षिकाओं ने नारी से संबंधित विषय पर वार्ता, गीत तथा कविताओं का पाठ किया एवं नारी सशक्तिकरण पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। तद्पश्चात बीकन स्कूल की शिक्षिकाओं द्वारा समूह गीत एवं सोलो गीत की प्रस्तुति दी गई। बीकन स्कूल की राष्ट्रपति अवॉर्ड प्राप्त शिक्षिका श्रीमती कल्पना मिश्रा ने प्रेरक उद्बोधन दिया। अध्यक्षा सृष्टि महिला 8समिति ने सभी शिक्षिकाओं को मंच पर बुला कर शाल डायरी व उनके नाम लिखे पेन प्रदान कर उन सभी का सम्मान किया। सृष्टि महिला समिति में भी 3 सदस्याएं शैक्षणिक क्षेत्र से जुड़ी हैं उनको भी मंच पर बुलाकर शाल डायरी एवं पेन से सम्मानित किया गया। डीएवी स्कूल की सभी शिक्षिकाओं ने अध्यक्षा सृष्टि महिला समिति श्रीमती श्वेता पंड्या का सम्मान किया। साथ ही बीकन स्कूल की शिक्षिकाओं ने भी अध्यक्ष श्वेता पंड्या का सम्मान किया। इसके बाद सृष्टि महिला समिति ने अपनी अध्यक्षा श्रीमती श्वेता पंड्या को गवर्नमेंट कॉलेज सीपत में प्राध्यापक है का सम्मान किया। अंत में सचिव सृष्टि महिला समिति श्रीमती अनीता गुप्ता ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन मीनू सिंह ने किया।

# होली में डीजे, मुखौटा, हुड़दंगी पर लगेगी रोक शांति समिति की बैठक में लिया गया निर्णय






**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**- होली के पवित्र महापर्व पर पवित्रता को ध्यान में रखते हुए हुडदंगियों पर पूर्णत: लगेगा रोक ।डीजे एवं मुखौटा स्वीकार नहीं होगा।

उक्त सामूहिक निर्णय विश्रामपुर पुलिस थाना में सहायक उप निरीक्षक अविनाश सिंह, प्रधान आरक्षक नवीन सिंह ,आरक्षक अजय प्रताप सिंह की मौजूदगी में शांति समिति के सदस्यों ने आम सहमिति से महत्वपूर्ण बैठक में निर्णय लिया गया कि कोई भी व्यक्ति को मुखौटा न लगाए ,डीजे का उपयोग न करें। होली की पवित्रता को ध्यान रखें। रंगों का त्योहार वर्ष में एक बार आता है इस रंगीन बनाकर रखें ,रंग विहीन जो व्यक्ति करता है उसे पर नजर रखते हुए तत्काल पुलिस को सूचना दें ताकि समय पर पुलिसिया कार्रवाई कर सके। शांति समिति की सदस्यों ने समस्त महत्वपूर्ण चौक चौराहा पर पुलिस सहायता वैकल्पिक केंद्र बनाकर हुडदंगियों पर नजर रखने के लिए आग्रह किया तथा निरंतर पेट्रोलिंग करने की सलाह दी।

**शांति समिति के सदस्यों को पुलिसिया होली पर नहीं मिलेगा आमंत्रण तो शांति समिति के सदस्य कभी बैठक में नहीं आएंगे-** बैठक में वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र जैन ने उक्त मुद्दा उठाते हुए कहा कि होली के त्यौहार के दूसरे दिन पुलिस पुलिसिया होली मनाती है जिसमें पुलिस को चाहिए कि उसमें आम नागरिकों को नहीं तो कम से कम शांति समिति की सदस्यों को बुलाएं और खुशी-खुशी होली खेले ऐसा करने से पुलिस और समाज के बीच भाईचारा बढ़ेगा यदि पुलिस शांति समिति की सदस्यों को नहीं बुलाती है तो शांति समिति के सदस्य कभी भी पुलिस के बुलावे पर शांति समिति की बैठक में शामिल नहीं होंगे। इस प्रस्ताव को शांति समिति के सदस्यों ने समर्थन किया। जिस पर सहायक निरीक्षक अविनाश सिंह ने कहा कि हम थाना प्रभारी को पूरी बात से अवगत कराएंगे।

बहरहाल शांति समिति की आज के बैठक में नरेंद्र जैन, अशोक गुप्ता, सीती कांत स्वाई , के के बलू, दीपेंद्र सिंह चौहान ,रवि शंकर बउबा,रामलाल सोनी, गोपाल सिंह विद्रोही ,जगन्नाथ यादव, दुर्गा यादव ,शोध सिंह, कौशल सिंह ,मनीष टोप्पो, तिलकधारी ,मोहम्मद हुसैन, अहमद वाहिद आदि समिति के सदस्य गण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### 14 मार्च होली पर्व पर शुष्क दिवस घोषित

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**-आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा 14 मार्च 2025 को होली पर्व (जिस दिन रंग खेला जाएगा) पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री एस.जयवर्धन ने शुष्क दिवस पर जिले के सभी देशी व विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों तथा रेस्टोरेन्ट बार, होटल बार क्लब एवं मद्य भण्डारण-भाण्डागार को सम्पूर्ण दिवस बंद रखने के आदेश दिए है। शुष्क दिवस पर सभी संस्थानों में मदिरा का संव्यवहार पूर्णत प्रतिबंधित रहेगा।

### फांसी पर झूलती मिली नाबालिक छात्रा हत्या या आत्महत्या पुलिस कि टीम जांच में जुटी

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- जयनगर थाना अंतर्गत लाटोरी चौकी के ग्राम बृज नगर में सनसनी खेज मामला सामने आया है जो पूरे क्षेत्र को हिला कर रख दिया है । एक नाबालिक छात्र का उसके ही घर में फांसी के फंद्दा पर लटकती हुई लाश मिली जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युक्त सम्बन्ध में बताया जाता है कि नाबालिक 17 वर्षीय कक्षा 11वीं की छात्रा थी पूर्व में उसका प्रेम प्रसंग ग्राम के ही एक आदिवासी युवक से विगत दो वर्षों से चल रहा था। बीते 9 मार्च की रात छात्रा से मिलने उसका प्रेमी घर पहुंचा जिस पर परिजनों ने आपत्ति की और छात्र के दादा और उसके दो अन्य परिचित युवक प्रेमी युवक को पकड़ कर पीटना प्रारंभ किया ,तब छात्र ने कहा कि यदि इसको आप पीटेंगे तो मैं खुद को खत्म कर दूंगी तब जाकर उसके परिजनों ने नाबालिक छात्र को छोड़ा। रात्रि 10 बजे छात्रा का बाबा देखा कि उसकी नातिन फांसी के फंद्दे पर झूल रही है जिसकी जानकारी लटोरी चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता को दी गई ।पंचनामा के पश्चात पीएम करने जब लटोरी पुलिस चिकित्सालय भेजी तो लटोरी चिकित्सालय के चिकित्सक मामले को संदिग्ध मानते हुए पीएम करने से इनकार कर दिया तब जाकर डीएसपी अनूप लकड़ा जयनगर टी आई नरेंद्र कुमार सिंह करंजी चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता की उपस्थिति में आजमनगर की 63 वर्षीय बुजुर्ग महिला चिकित्सा डॉक्टर सुचिता किंडो को बुलाकर पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के पश्चात ही स्पष्ट हो सकेगा की छात्रा आत्महत्या की है या उसकी हत्या कर फांसी के फंद्दा पर लटकाया गया परंतु ग्राम में इस बात का चर्चा है कि छात्रा के प्रेमी को उसके घर वालों ने जमकर पिटाई की थी। इसके बाद छात्रा ने आत्महत्या की होगी या उसे मार दिया गया होगा और उसी के चुन्नी में लटका कर पंखा पर टांग दिया गया होगा बहरहाल पुलिस इस दोनों बिंदुओं पर गंभीरता से जांच करते हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट की प्रतीक्षा कर रही है ।मामला बिल्कुल उलझा हुआ है जिसे पुलिस सुलझाने में लगी हुई है। इस पूरे मामले को लेकर लाटोरी के ब्रिज नगर में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही है।

### शराब के नशें में महिला की हत्या,आरोपी गिरफ्तार

**कवर्धा(विश्व परिवार)।** थाना कवर्धा क्षेत्रांतर्गत शंकर नगर, गोदना रिसॉर्ट के सामने एक महिला की हत्या का मामला प्रकाश में आया है। दिनांक 10 मार्च को लगभग तीन बजे की बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतका विंध्या बाई छेदावी, पति रामजी छेदावी उम्र लगभग 50 वर्ष (जो वर्तमान में राजू वैष्णव के साथ प्रथा विवाह में रह रही थी) पैरालिसिस से पीड़ित थी और शारीरिक रूप से असमर्थ थी। उनकी बेटी गायत्री धुर्वे, जो अपने पति मुकेश धुर्वे से विवाद के कारण पिछले चार वर्षों से मोहम्मद कासिम, पिता मुनीर खान, निवासी नवाब मोहल्ला, कवर्धा के साथ रह रही थी। सेवा और देखभाल के उद्देश्य से गायत्री धुर्वे और मोहम्मद कासिम दोनों मृतका के साथ शंकर नगर में रह रहे थे। सोमवार दोपहर लगभग तीन बजे, मोहम्मद कासिम ने शराब के नशे में मृतका के चेहरे के दाहिने ओर लोहे की रॉड से प्रहार कर दिया,जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी मोहम्मद कासिम को हिरासत में ले लिया है। फिलहाल मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### टीएस सिंहदेव के करीबी पर आईटी की दबिश

**अंबिकापुर(विश्व परिवार)।** ईडी के बाद अब आईटी विभाग की दबिश की खबर है. पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के करीबी माने जाने वाले कांग्रेस नेता के ठिकानों पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीम ने छापा मारा है.पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के करीबी माने जाने वाले प्रदेश कांग्रेस महामंत्री दुतेंद्र मिश्रा कल्याण ट्रेडर्स के संचालक है. इनकम टैक्स के अधिकारियों ने दुकान और मकान पर छापा मारा है.बताया जा रहा है कि इनकम टैक्स में गड़बड़ी की शिकायत पर विभागीय टीम ने कार्रवाई की है.।

# संपादकीय

## रेरा मकान खरीदारों को राहत नहीं है......

सुप्रीम कोर्ट ने स्वागतयोग्य हस्तक्षेप किया है। न्यायमूर्तियों ने जो टिप्पणियां कीं, वे सबूत हैं कि रेरा मकान खरीदारों को तनिक भी राहत नहीं दिला पाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के फिरौती वसूली' जा रही है। पूर्व यूपीए सरकार के समय जब रियल एस्टेट विनियमन प्राधिकरण (रेरा) कानून पारित हुआ, तो उससे मकान खरीदारों में ऊंची उम्मीदें जगी थीं। कहा गया था कि अब आखिरकार ज्यादातर मध्य वर्ग के खरीदारों को बिल्डरों की तिकड़मों से मुक्ति मिलेगी। मगर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में जो जाहिर हुआ और उस पर न्यायमूर्तियों ने जो टिप्पणियां कीं, वे सबूत हैं कि रेरा मकान खरीदारों को तनिक भी राहत नहीं दिला पाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लाचार मकान खरीदारों' से फिरौती वसूली जा रही है। कोर्ट ने जो सवाल पूछे हैं, उनमें एक यह भी है कि खरीदारों को रेरा से क्या राहत मिली है? हालांकि कोर्ट में सुनवाई एनसीआर से जुड़े मामलों की हो रही थी, लेकिन अंदाजा लगाया जा सकता है कि जो हाल यहां है, बाकी जगहों के खरीदारों की स्थिति उससे बेहतर नहीं होगी। इसलिए सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का संदर्भ बड़ा है। कोर्ट ने सीबीआई से कहा है कि वह बिल्डर- बैंक मिलीभगत की पूरी जांच करे। जजों ने इसके लिए विशेष जांच दल बनाने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि बिल्डरों और खरीदारों को कर्ज देने वाले बैंकों ने मिल कर खरीदारों के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं। इनकी वजह से आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने में देर हुई है। कोर्ट ने खास चिंता उन मामलों पर जताई, जिनमें रियल एस्टेट कंपनियों ने दिवालिया प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामला हजारों मकान खरीदारों की याचिका से कोर्ट के सामने आया है। इसमें ध्यान दिलाया गया है कि बैंक ऋण की रकम का भुगतान सीधे बिल्डरों को करते हैं। तब बताया जाता है कि फ्लैट सौंपे जाने तक ईएमआई बिल्डर चुकाएंगे। मगर बिल्डर ईएमआई पर डिफॉल्ट करने लगते हैं और तब त्रिपक्षीय करार के मुताबिक बैंक खरीदारों से ईएमआई वसूलने लगते हैं। खरीदारों की पीड़ा पर दो जजों की बेंच ने गहरी नाराजगी जताई। कहा कि वे इस घपले की सीबीआई जांच का आदेश देंगे। यह स्वागतयोग्य हस्तक्षेप है। मगर इस मामले ने भारत में विनियमन और अनुचित व्यापार व्यवहार की निगरानी की हकीकत को बेनकाब कर दिया है।

# औरंगजेब को जिंदा करने की कोशिश

**कुलदीप चंद अग्निहोत्री**

औरंगजेब अच्छा बादशाह था या बुरा बादशाह था, इसको थोड़ी देर के लिए स्थगित कर दिया जाए, तो इस बात में तो कोई शक नहीं है कि मुगल वंश हिंदुस्तान में मध्य एशिया से आया हुआ एक विदेशी राजवंश था, जिसने हिंदुस्तान को गुलाम बना लिया था। प्रश्न उसके अच्छे-बुरे का नहीं है, प्रश्न है एक विदेशी बादशाह को भारत में से उखाड़ना। मुगलों की हुकूमत को शिवाजी मराठा, गुरु गोविंद सिंह, महाराणा प्रताप और लचित बुरफोकन ने मिलकर एक समय जर्जर कर दिया था। आज इक्कीसवीं शताब्दी में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लोग मिल कर भी मुगल वंश के वारिसों को भारत की गद्दी पर तो नहीं बिठा सकते, लेकिन उस वंश के रहबर औरंगजेब को भारत के इतिहास में नायक के तौर पर स्थापित कर ही सकते हैं। अबू आजमी पार्टी के आदेश पर इसी काम के लिए घर से निकले थे। लेकिन बुरे फंस गए। न अब खाते बनता है और न ही उगलते बनता है औरंगजेब को मरे अरसा हो गया। विदेश के जिन हुक्मरानों ने हिंदुस्तान पर राज किया, उनमें से सबसे ज्यादा निकृष्ट, अत्याचारी और कट्टर औरंगजेब को ही माना जाता है। यहां तक कि उसने अपने तमाम भाइयों को मरवा दिया। दारा शिकोह, जो इस्लाम के भारतीयकरण का हिमायती था, को तो गंदे कपड़े पहना कर उसको हाथी पर बिठा कर दिल्ली की गलियों में उसका जुलूस निकाला गया और फिर उसका सिर कलम करके औरंगजेब ने अपने बाप शाहजहां को तोहफे में दिया। इतना ही नहीं, दारा शिकोह के बेटे को भी मरवाया। अपने बाप को नजरबंद किया। नवम गुरु श्री तेग बहादुर जी को दिल्ली में शहीद किया। उस औरंगजेब की सल्तनत को शिवाजी महाराज ने दक्षिण में चुनौती ही नहीं दी, बल्कि महाराष्ट्र में हिंदी साम्राज्य की स्थापना की। औरंगजेब ने शिवाजी के पुत्र संभा जी महाराज को बहुत ही पाशविक तरीके से शहीद किया। औरंगजेब के प्रति हिंदुस्तान के लोगों में कितना क्रोध है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पंजाब के पुआध इलाके के आनंदपुर साहिब में होला मोहल्ला के अवसर पर आज भी लाखों लोग जुटते हैं और वहां खालसा पंथ के प्रतीक निहंग जमीन पर दो ईंटें रख लेते हैं और उसे औरंगजेब की



कब्र का प्रतीक मान कर उस पर निरंतर जूते मारते हैं। महाराष्ट्र में अभी पिछले दिनों शिवाजी महाराज और संभा जी महाराज के इतिहास को लेकर 'छावा' नाम की फिल्म चल रही है। लोग औरंगजेब के अत्याचारों को देख कर भावुक हो रहे हैं। जाहिर है उनके निशाने पर औरंगजेब ही है। लोग औरंगजेब को और भी गहरी कब्र में गाड़ना चाहते हैं, ताकि भारत में कभी उसका भूत भी न आ सके। लेकिन समाजवादी पार्टी लोगों की इस भावना से सहमत नहीं है। वह औरंगजेब को पुन: जिंदा करना चाहती है। यह जिम्मेदारी समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र में सिपाहसलार अबू आजमी ने उठाया। हो सकता है यह जिम्मेदारी उसको पार्टी ने ही सौंपी हो। लेकिन यह पार्टी का अंदरूनी मामला है। मुख्य मुद्दा है औरंगजेब। अबू आजमी मरे हुए औरंगजेब को ही हिंदुस्तान का हीरो देखना चाहती है। इसलिए अब आजमी ने महाराष्ट्र की शिवाजी वाली धरती से औरंगजेब के कसीदे पढ़ने शुरू कर दिए। उसका कहना है कि इस प्रकार का बादशाह हिंदुस्तान के इतिहास में आज तक नहीं हुआ है। हिंदुस्तान में औरंगजेब को नायक कौन बनाना चाहते हैं? अबू आजमी ने इसका भी जवाब दिया। उसने कहा मैं तो औरंगजेब के बारे में कुछ नहीं जानता। उसके बारे में मैंने जो किताबों में पढ़ा है, मैं तो उसी औरंगजेब की तारीफ कर रहा था। अबू आजमी की बात सही है। लेकिन औरंगजेब को महिमामंडित करने वाली किताबें किसने लिखी हैं? दिल्ली में औरंगजेब रोड किसने बनवाया है? भारत में यह काम सैयदों का किया धरा है। यह संयोग तो नहीं कहा जा सकता कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय खोलने वाला भी सैयद था और हिंदुस्तान का पहला शिक्षा मंत्री भी सैयद था। कांग्रेस के राज में शुरुआती दौर में जितने शिक्षा मंत्री हुए, उनमें अधिकांश या तो सैयद थे या उन सैयदों के चेले। अबू आजमी जानते हैं कि सैयदों या उनके चेलों ने ही औरंगजेब को महिमामंडित करने का काम किया है, जिसको अबू आजमी आगे बढ़ा रहे हैं। लेकिन केवल सैयदों को पकड़ने से काम नहीं चलेगा। कांग्रेस में सैयद घुस गए थे और वे अपना काम कर रहे थे, लेकिन कांग्रेस ने अपने कुछ दूसरे कारकून भी इस काम में लगा दिए थे। उनमें सबसे बड़े थे बीडी शर्मा। शर्मा ने तो औरंगजेब की स्तुति में एक पूरी किताब ही लिख दी थी। शर्मा का कहना था कि औरंगजेब ने काशी का विश्वनाथ मंदिर इसलिए गिरवा दिया था, क्योंकि वहीं औरतों से बलात्कार होता था। कांग्रेस ने इस मौलिक खोज से खुश होकर उसको ओडिशा का राज्यपाल बना दिया था। ये लोग जो आज भी सब काम छोडक़र औरंगजेब को जिंदा करने के काम में जी-जान से लगे हुए हैं, उनके पास इसके प्रमाण क्या हैं? इनको देख लेना जरूरी है। सैयदों का कहना है कि इतना बड़ा बादशाह होने के बावजूद औरंगजेब टोपियां बुना करता था। उन टोपियों से वह अपने परिवार का गुजारा किया करता था। सैयदों को लगता है कि औरंगजेब की इन हरकतों से हिंदुस्तान के देसी मुसलमान, जिन्हें वे पसमांदा मुसलमान कहते हैं, औरंगजेब की कब्र के आगे अपने आप ही सिजदा करना शुरू कर देंगे। लेकिन इस पूरे विवाद का एक दूसरा पक्ष भी है। औरंगजेब अच्छा बादशाह था या बुरा बादशाह था, इसको थोड़ी देर के लिए स्थगित कर दिया जाए, तो इस बात में तो कोई शक नहीं है कि मुगल वंश हिंदुस्तान में मध्य एशिया से आया हुआ एक विदेशी राजवंश था, जिसने हिंदुस्तान को गुलाम बना लिया था। प्रश्न उसके अच्छे-बुरे का नहीं है, प्रश्न है एक विदेशी बादशाह को भारत में से उखाड़ना। मुगलों की हुकूमत को शिवाजी मराठा, गुरु गोविंद सिंह, महाराणा प्रताप और लचित बुरफोकन ने मिलकर एक समय जर्जर कर दिया था। आज इक्कीसवीं शताब्दी में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लोग मिल कर भी मुगल वंश के वारिसों को भारत की गद्दी पर तो नहीं बिठा सकते, लेकिन उस वंश के रहबर औरंगजेब को भारत के इतिहास में नायक के तौर पर स्थापित कर ही सकते हैं। अबू आजमी पार्टी के आदेश पर इसी काम के लिए घर से निकले थे। लेकिन बुरे फंस गए। न अब खाते बनता है और न ही उगलते बनता है। इस मसले पर महाराष्ट्र के साथ-साथ कई अन्य राज्यों में भी उबाल आ गया है। उत्तर प्रदेश की ही बात करें, तो इस मसले पर वहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चेतावनी के लहजे में कहा है कि इस तरह के लोगों को सीधे करने के लिए उत्तर प्रदेश भेजा जाना चाहिए। यह मसला भारत में सांप्रदायिक तनाव का कारण नहीं बनना चाहिए, इस दिशा में काम होना चाहिए। जो ताकतें भारत में शांति और विकास की पक्षधर हैं, उन्हें एकजुट होकर देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। इस मसले पर जनमत बंटा हो सकता है। किंतु भारत को सशक्त करना सभी भारतीयों का लक्ष्य होना चाहिए और उसी दिशा में काम हो।

# आलेख

## राजनीतिज्ञों की साफगोई से फ्रीबी कल्चर पर नई राजनीतिक बहस

**रंजन श्रीवास्तव**

दो मंत्रियों के बयानों ने कम से कम मध्य प्रदेश में फ्रीबी कल्चर पर एक नई राजनीतिक बहस को जन्म दे दिया है। केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्य प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लगभग एक हफ्ते पूर्व भोपाल में वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर बोलते हुए कहा कि बार बार चुनाव के कारण कई बार वोट दिलाऊ फैसले लेने पड़ते हैं कि यह भी दे दो, वह भी दे दो। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि बार बार चुनाव होने से वोटों के डर से कई बार ऐसे फैसले भी प्रभावित होते हैं जो बच्चों का भविष्य बना सकते हैं और प्रदेश और देश का विकास कर सकते हैं। जाहिर है केंद्रीय मंत्री का इशारा फ्रीबी कल्चर की तरफ था। इसी तरह अपने बेबाक बयानों के लिए जाने जाने वाले मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल के द्वारा दिए गए एक बयान ने भी समाज में फ्रीबी कल्चर पर सवाल उठाया है। प्रह्लाद सिंह पटेल कुछ दिनों पूर्व राजगढ़ में रानी अवंतीबाई लोधी के प्रतिमा अनावरण के बाद एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब भी नेता आते हैं उन्हें याचिकाओं की एक टोकरी सौंपी जाती है। उन्होंने कहा कि मांगने की आदत के बजाय लोगों में देने की मनोवृति विकसित करनी चाहिए। मुफ्त उपहारों पर अधिक निर्भरता समाज को मजबूत बनाने की बजाय कमजोर बनाती है। लोगों को भीख मांगने की आदत पड़ गयी है। उल्लेखनीय है कि जुलाई 2022 में उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के वक़्त प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रीबी कल्चर पर जोरदार हमला किया और कहा कि रेवड़ी कल्चर के लोग यह सोचते हैं कि जनता को फ्री की रेवड़ी देकर वो उन्हें खरीद सकते है। उन्होंने जनता का आवाहन करते हुए कहा कि सबको मिलकर इस रेवड़ी कल्चर के मानसिकता को पराजित करना है और देश की राजनीति से इस कल्चर को हटाना है। 2023 में कर्नाटक विधान सभा चुनाव के वक़्त भी प्रधान मंत्री ने रेवड़ी कल्चर पर हमला किया क्योंकि तब उस समय विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस ने लोगों को 5 गारंटी देने की बात कही जिसमें से एक गारंटी 21 से 65 वर्ष के महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रूपये देने का था। रोचक यह है कि इसके पहले कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस चुनावों से पहले कर्नाटक के तर्ज पर 5 गारंटी लांच करती तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहना योजना लागू करके 21 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को 1250 रूपये प्रतिमाह से शुरुआत करते हुए 3000 रूपये प्रतिमाह की घोषणा कर दी। भाजपा को पहले से ज्यादा सीटें चुनाव में मिलीं। दिल्ली विधान सभा चुनाव के समय आम आदमी पार्टी को पराजित करने के लिए भाजपा ने 2500 रुपए प्रतिमाह महिलाओं को देने का वादा किया जो कि आम आदमी पार्टी की घोषित धनराशि से 400 रूपये प्रतिमाह ज्यादा है। भाजपा की केंद्र सरकार स्वयं किसानो को प्रधान मंत्री सम्मान निधि के नाम पर 2000 रूपये प्रति तीन माह पर देती है। जब देश के प्रधान मंत्री स्वयं और देश की जनता का एक वर्ग खासकर माध्यम वर्ग चाहता है कि फ्रीबी कल्चर पर रोक लगाई जाय केंद्रीय मंत्री चौहान और मध्य प्रदेश के मंत्री पटेल के बयान एक स्वस्थ बहस की जरूरत की तरफ इशारा कर रहे हैं कि क्या फ्रीबी कल्चर देश के लिए अच्छा है या बुरा। देश के एक वर्ग का मानना है कि फ्रीबी कल्चर से देश की श्रम शक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और राजनीतिक दल समाज की आर्थिक स्थिति को ठीक करने के लिए ठोस उपाय अपनाने की जगह फ्रीबी कल्चर को एक शॉर्टकट की तरह प्रयोग में ला रहे हैं। अगर स्वयं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान फ्रीबी कल्चर पर खुल कर बोल रहे हैं तो क्या ये अच्छा नहीं होगा कि भाजपा जिसकी सरकार केंद्र में भी है और कई राज्यों में भी इस कल्चर को ख़त्म करने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाए और इसका समाधान निकालने की कोशिश करे। प्रह्लाद सिंह पटेल का कहना है कि उन्होंने जो बयान दिया वह एक सामाजिक कार्यक्रम था और समाज के लोगों को स्वावलम्बी बनाने के लिए उनके आह्वान को विपक्ष और मीडिया ने गलत सन्दर्भों में दिखाया है। पटेल लोध समुदाय से आते हैं और समारोह भी रानी अवंतीबाई लोधी के प्रतिमा अनावरण से सम्बंधित था। जाहिर है कि इस समारोह में लोध समुदाय से भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। विपक्ष पटेल पर हमलावर है और उसका कहना है कि पटेल ने जनता को भिखारी बोलकर उनका अपमान किया है।


# साफगोई से फ्रीबी कल्चर पर नई राजनीतिक बहस

**रंजन श्रीवास्तव**

दो मंत्रियों के बयानों ने कम से कम मध्य प्रदेश में फ्रीबी कल्चर पर एक नई राजनीतिक बहस को जन्म दे दिया है। केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्य प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लगभग एक हफ्ते पूर्व भोपाल में वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर बोलते हुए कहा कि बार बार चुनाव के कारण कई बार वोट दिलाऊ फैसले लेने पड़ते हैं कि यह भी दे दो, वह भी दे दो। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि बार बार चुनाव होने से वोटों के डर से कई बार ऐसे फैसले भी प्रभावित होते हैं जो बच्चों का भविष्य बना सकते हैं और प्रदेश और देश का विकास कर सकते हैं। जाहिर है केंद्रीय मंत्री का इशारा फ्रीबी कल्चर की तरफ था। इसी तरह अपने बेबाक बयानों के लिए जाने जाने वाले मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल के द्वारा दिए गए एक बयान ने भी समाज में फ्रीबी कल्चर पर सवाल उठाया है। प्रह्लाद सिंह पटेल कुछ दिनों पूर्व राजगढ़ में रानी अवंतीबाई लोधी के प्रतिमा अनावरण के बाद एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब भी नेता आते हैं उन्हें याचिकाओं की एक टोकरी सौंपी जाती है। उन्होंने कहा कि मांगने की आदत के बजाय लोगों में देने की मनोवृति विकसित करनी चाहिए। मुफ्त उपहारों पर अधिक निर्भरता समाज को मजबूत बनाने की बजाय कमजोर बनाती है। लोगों को भीख मांगने की आदत पड़ गयी है। उल्लेखनीय है कि जुलाई 2022 में उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के वक़्त प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रीबी कल्चर पर जोरदार हमला किया और कहा कि रेवड़ी कल्चर के लोग यह सोचते हैं कि जनता को फ्री की रेवड़ी देकर वो उन्हें खरीद सकते है। उन्होंने जनता का आवाहन करते हुए कहा कि सबको मिलकर इस रेवड़ी कल्चर के मानसिकता को पराजित करना है और देश की राजनीति से इस कल्चर को हटाना है। 2023 में कर्नाटक विधान सभा चुनाव के वक़्त भी प्रधान मंत्री ने रेवड़ी कल्चर पर हमला किया क्योंकि तब उस समय विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस ने लोगों को 5 गारंटी देने की बात कही जिसमें से एक गारंटी 21 से 65 वर्ष के महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रूपये देने का था। रोचक यह है कि इसके पहले कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस चुनावों से पहले कर्नाटक के तर्ज पर 5 गारंटी लांच करती तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहना योजना लागू करके 21 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को 1250 रूपये प्रतिमाह से शुरुआत करते हुए 3000 रूपये प्रतिमाह की घोषणा कर दी। भाजपा को पहले से ज्यादा सीटें चुनाव में मिलीं। दिल्ली विधान सभा चुनाव के समय आम आदमी पार्टी को पराजित करने के लिए भाजपा ने 2500 रुपए प्रतिमाह महिलाओं को देने का वादा किया जो कि आम आदमी पार्टी की घोषित धनराशि से 400 रूपये प्रतिमाह ज्यादा है। भाजपा की केंद्र सरकार स्वयं किसानो को प्रधान मंत्री सम्मान निधि के नाम पर 2000 रूपये प्रति तीन माह पर देती है। जब देश के प्रधान मंत्री स्वयं और देश की जनता का एक वर्ग खासकर माध्यम वर्ग चाहता है कि फ्रीबी कल्चर पर रोक लगाई जाय केंद्रीय मंत्री चौहान और मध्य प्रदेश के मंत्री पटेल के बयान एक स्वस्थ बहस की जरूरत की तरफ इशारा कर रहे हैं कि क्या फ्रीबी कल्चर देश के लिए अच्छा है या बुरा। देश के एक वर्ग का मानना है कि फ्रीबी कल्चर से देश की श्रम शक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और राजनीतिक दल समाज की आर्थिक स्थिति को ठीक करने के लिए ठोस उपाय अपनाने की जगह फ्रीबी कल्चर को एक शॉर्टकट की तरह प्रयोग में ला रहे हैं। अगर स्वयं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान फ्रीबी कल्चर पर खुल कर बोल रहे हैं तो क्या ये अच्छा नहीं होगा कि भाजपा जिसकी सरकार केंद्र में भी है और कई राज्यों में भी इस कल्चर को ख़त्म करने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाए और इसका समाधान निकालने की कोशिश करे। प्रह्लाद सिंह पटेल का कहना है कि उन्होंने जो बयान दिया वह एक सामाजिक कार्यक्रम था और समाज के लोगों को स्वावलम्बी बनाने के लिए उनके आह्वान को विपक्ष और मीडिया ने गलत सन्दर्भों में दिखाया है। पटेल लोध समुदाय से आते हैं और समारोह भी रानी अवंतीबाई लोधी के प्रतिमा अनावरण से सम्बंधित था। जाहिर है कि इस समारोह में लोध समुदाय से भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। विपक्ष पटेल पर हमलावर है और उसका कहना है कि पटेल ने जनता को भिखारी बोलकर उनका अपमान किया है। उन्होंने जनता का आवाहन करते हुए कहा कि सबको मिलकर इस रेवड़ी कल्चर के मानसिकता को पराजित करना है और देश की राजनीति से इस कल्चर को हटाना है। 2023 में कर्नाटक विधान सभा चुनाव के वक़्त भी प्रधान मंत्री ने रेवड़ी कल्चर पर हमला किया क्योंकि तब उस समय विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस ने लोगों को 5 गारंटी देने की बात कही जिसमें से एक गारंटी 21 से 65 वर्ष के महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रूपये देने का था। रोचक यह है कि इसके पहले कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस चुनावों से पहले कर्नाटक के तर्ज पर 5 गारंटी लांच करती तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहना योजना लागू करके 21 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को 1250 रूपये प्रतिमाह से शुरुआत करते हुए 3000 रूपये प्रतिमाह की घोषणा कर दी। भाजपा को पहले से ज्यादा सीटें चुनाव में मिलीं। मिलीं (पटेल) ने अपना स्पष्टीकरण दे दिया है पर फिर भी उनके बयान से जो कि चौहान के बयान के तुरंत बाद आया है, उस राजनीतिक बहस की आवश्यकता को बताता है कि फ्रीबी कल्चर देश के लिए कितना उचित है और कितना अनुचित।


# बासंतिक शोभना का शिखर होली......

**विकेश कुमार बडोला**

धरा की हरियाली हाथ-पांवों को स्पर्श करती है तो शुष्क चेतना जीवंत हो उठती है। काया को छोड़ सब कुछ वायु की स्निग्धता में प्रवाहित होता रहता है। अग्निसम सूर्यप्रकाश कायिक-आत्मिक जड़ता को भी अपने स्वर्णिम पीतरंग द्वारा कांतिवान बना देता है। काया के अंग-प्रत्यंग पर जलराशि का स्पर्श होते ही ऐसा लगता है मानो पावन सरिताओं में तरणक्रिया का उत्ताल हर्ष हो रहा हो। पंचतत्त्वों का ऐसा ऋतुसंपर्क मानव के अस्तित्व को मानवीय स्तर से अत्यधिक ऊंचा उठा देता है फाल्गुन माह के आगामी शोभित-स्वर्णिम दिनों में होली आएगी। काश यह 'आएगी' की वास्तविकता प्रत्येक सप्ताह पुन:-पुन: घटती। काश होली का दिवसीय मध्याह्न सदैव के लिए ठहर जाता। काश होलिका दहन की रात्रि हर दो दिन बाद प्रकट होती। मौसम की अस्थिरता, कुरूपता, प्रतिकूलता और विकृतियों से पीड़ित प्रत्येक संवेदनशील व्यक्ति के अंतर्मन में ऐसे ही दार्शनिक विचार उमड़ते रहते हैं। जब कोई दिवस, त्योहार या उत्सव सुंदर-सुभाषित मौसम के साथ उपस्थित होता है तो एक अप्रत्याशित इच्छा उभरती है कि काश आगे का जीवन-समय ऐसी ही सुंदरता-सुभाषिता के साथ बीते। किंतु ऐसा होने या घटने की मनुष्य के पास केवल दार्शनिक कल्पना ही है। वास्तव में इस युग में पृथ्वी पर ऐसा होना असंभव है। इस लेखक के जीवनकाल में तो ऐसा होना संभव है ही नहीं। बाद में चमत्कार द्वारा ऐसा हो जाए, तो सुंदर दार्शनिक कल्पनाओं के साथ जीने वाले उस समय के व्यक्तियों का सौभाग्य। होली के त्योहार से पहले के दस-पंद्रह दिन सौंदर्य, माधुर्य, आश्चर्य और सहचर्य से परिपूर्ण होते हैं। होलिका दहन की विशिष्ट रात्रि और होली का विशेष दिवस, दोनों ही प्राकृतिक सौंदर्य के सर्वाधिक आकर्षक स्वरूप होते हैं। जहां फाल्गुन माह की पूर्णिमा रजनी के प्रति सम्मोहन बढ़ाती है, वहां रंगों से भरा वातावरण दिवस के प्रति मुग्धता में वृद्धि करता है। वर्षों पहले होली जैसे उत्सव जन-जन के हृदय में वह आनंद भरते थे, जो जीवन-संघर्ष की पीड़ाओं का औषध बनकर हरण करते थे। जब तक होली ग्रामीण भारत में पारंपरिक विधि-विधानों के साथ मनाई जाती थी, तब तक मनुष्य के जीवन का सबसे आनंदित पक्ष हुआ करती थी। भारतीय संस्कृति की अग्रणी उत्सवी विरासत थी होली कभी। भारत के ग्राम्य जीवन की परंपराओं का ऋतु प्रसाद थी होली। ऐसे व्यतीत समय का स्मृतिविहार



करते-करते बचपन याद हो आता है। हिमालय की तलहटी के गांवों में होलिका उत्सव एक या दो दिनों का नहीं, अपितु महीनों का उत्सव हुआ करता था। गांव के युवक मंत्रोच्चारण व वैदिक कर्मकांड करने के बाद 'पंय्या' नामक पवित्र वृक्ष की एक बड़ी टहनी काटकर लाते और गांव के किसी आकर्षक-आह्लादित स्थल पर उसे खड़ा करके उसे होलिका का स्वरूप प्रदान करते। वृक्ष के चहुंओर उपलों का ढेर लगाया जाता। फाल्गुन पूर्णिमा की रात तक प्रतिदिन लकड़ियां ला-ला कर वहां रखी जातीं। पूर्णिमा तक उपलों और शुष्क लकड़ियों का ढेर टहनी की ऊंचाई तक पहुंच जाता। युवक उसके चहुंओर मानव-श्रृंखला बनाकर घूमते। गीत-गायन करते। यंत्र-वादन करते। युवकदल अपने गांव के प्रत्येक घर और दूसरे गांवों के घर-घर जा कर भी ऐसा ही उपक्रम करते। प्रात:काल से पूर्व अपने गांव लौट आते। चंद्र दीप्ति से पूर्ण रात्रियों में पहाड़ों के गांवों-गांवों की पदयात्रा करना कितना अनुपम और मनोहर उत्सवीकर्म होता! होली उत्सव का यह स्वरूप मानवीय और सामाजिक संबंधों को गहन करता था। ऐसा त्योहारी उपागम मानव की दृष्टि-अंतर्दृष्टि को जीवंत बनाता था। उसे मानवीयता से संचित किया करता था। यदि होली उत्स को पौराणिक, धार्मिक और सामाजिक प्रसंगों से पृथक कर केवल प्राकृतिक रूप, स्वरूप, रंग व तत्त्वों के साथ एकाकार होने तक सीमित कर मनाया जाए, तो भी यह धरती का अप्रतिम उत्स बन जाता है। सतयुग, राजा हिरण्यकश्यप, हिरण्यकश्यप के पुत्र भक्त प्रह्लाद, प्रह्लाद की बुआ होलिका और नरसिंह भगवान के स्वरूप में श्रीविष्णु के अवतरण के पौराणिक चरित्रों-पात्रों के साथ होली को न भी संबद्ध करें, तो भी होली विहंगम है। किंतु जब उत्सव की आधारशिला ही उक्त युग और उसके चरित्र-पात्र थे, तो तब कोई नास्तिक ही होगा जो इन्हें छोडक़र उत्सवी रंग में स्वयं को रंगना चाहेगा। होली के पुरातन, प्राचीन, पौराणिक और सर्वोपरि प्राकृतिक भाव-विचारों के साथ रंगोत्सव में डूबना वास्तव में मुक्ति का जीता-जागता अभ्यास है। बासंती सम्मोहन में डूबकर कौन होगा जो मोक्ष जैसी अनुभूतियां नहीं करता होगा! वर्षभर ऋतु जैसी भी हो, परंतु होलिका दहन की रात और रंगक्रीड़ा के दिवस में ऋतु साक्षात सौंदर्य आभा बनकर प्रकट होती है। बासंतिक शोभना द्वारा संपूर्ण भूलोक एक दिव्यलोक में परिवर्तित हो जाता है। बसंत ऋतु के यौवन का चरमोत्कर्ष होती है फाल्गुन पूर्णिमा। भू की अनुभूति स्वर्गिक हो उठती है इस दिन। सेमल, पलाश या टेसू, बुरांश इत्यादि प्रजातियों के वृक्ष अपने लालरंगी पुष्पों के साथ धरती की सुषमा को व्योम तक फैला देते हैं। व्यक्ति की संवेदनाएं ऐसे व्योम को स्पर्श करने के लिए आतुर हो उठती हैं।

# 23 मार्च को आदिनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव एवं सम्मान समारोह भाटापारा में

**भाटापारा (विश्व परिवार)।** आचार्य भगवान श्री विद्यासागर जी महाराज, परम पूज्य मुनि श्री 108 चिन्मय सागर जी महाराज जंगल वाले बाबा, आर्यिका प्रमुख 105 ज्ञानमती माताजी के मंगल आशीर्वाद से भाटापारा नगर में भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याण का महोत्सव बहुत ही धूमधाम से आगामी 23 मार्च को मनाया जाएगा।

श्री आदिनाथ नवग्रह पंच बालयती दिगंबर जैन मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक मोदी ने बतलाया कि प्रात 6ः30 बजे भगवान का मंगल अभिषेक, शांति धारा, आरती, संपन्न होगी व उसके पश्चात प्रातः 8ः00 बजे कर्नाटक में निर्मित विश्व का ऐतिहासिक सागौन लकड़ी का बना हुआ 27 फीट ऊंचा विशाल रथ में भगवान को विराजमान कर शोभायात्रा प्रारंभ की जाएगी। जो नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए आदिनाथ मंदिर में संपन्न होगी। मूलनायक आदिनाथ भगवान का मस्तकाभिषेक किया जाएगा।

दोपहर 1ः00 बजे से छत्तीसगढ़ स्तरीय जैन समाज के धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में प्रमुख कार्य करने वाले प्रमुख व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। भाटापारा नगर के विभिन्न समाज में सामाजिक राजनीतिक धार्मिक अच्छे कार्य करने वालों का भी सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में अनेक राजनेता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष एवं मंदिर समिति के संरक्षक श्री प्रकाश मोदी ने सभी पदाधिकारी एवं समस्त समाज को सपरिवार कार्यक्रम में पधार कर धर्म लाभ लेने एवं भगवान प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ स्वामी का जन्म कल्याण धूमधाम से मनाने का अनुरोध किया है।

# जैन साध्वी मंडल ने दुर्ग प्रवेश किया



**दुर्ग (विश्व परिवार)।** जैन साध्वी मंडल पुणे का चातुर्मास संपन्न कर तीन दिन पूर्व छत्तीसगढ़ की पावन धरती पर मंगलमय प्रवेश हुआ। आज साध्वी मंडल ने दुर्ग प्रवेश किया। कल प्रातः 7:40 बजे होली चातुर्मास हेतु नवकार परिसर से जय आनंद मधुकर रतन भवन बांध तालाब दुर्ग में श्रमण संघ की के सदस्यों की विशेष उपस्थिति में मंगलमय प्रवेश होगा। प्रवर्तनी चंदना श्री जी, साध्वी कलावती जी अक्षय ज्योति जी उपासना जी नव कीर्ति जी योग लब्धि जी अक्षदा जी अदिति जी म.सा का अपने साध्वी समुदाय के साथ आज ऋषभ ग्रीन सिटी प्रवेश हुआ। साध्वी समुदाय का आगामी चातुर्मास कलकत्ता जैन श्री संध में होने जा रहा है वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ दुर्ग के बैनर तले आयोजित होली चातुर्मास में धार्मिक आराधना सामुहिक सामायिक जप अनुष्ठान साध्वी मंडल के सानिध्य में सम्पन्न होंगे **-नवीन संचेती**

# कर्मों के कारण कष्ट रोग होते है जो प्रभु की भक्ति पूजन से दूर होते हैं : आचार्य श्री वर्धमान सागर जी

**संघ सानिध्य में सिद्धचक्र महामंडलविधान पर भक्ति भावपूर्वक 256 अर्ध्य समर्पित**





**मंदसौर (विश्व परिवार)।** आचार्यश्री वर्धमानसागर जी, मुनि श्री पुण्य सागर जी सहित 53 साधुओं के सानिध्य में सिद्ध चक्रमंडल विधान पर आज 252 अर्घ्य किए गए। धर्म नगरी धरियावद अनेक विशाल मंदिरों, पंच कल्याणक, समाधि और दिगंबर संतो की जन्म, कर्म भूमि धरियावद है। इस नगरी से मुनि सुधर्मसागर जी, श्री उदयसागर जी, श्री प्रवेशसागर जी, श्री समाधिसागर जी, श्री श्रेयससागर जी, श्री पदमकीर्तिसागर जी, उदितसागर जी, श्रीमुमुक्षु सागर जी, एलक श्री हर्षसागर जी, श्री वत्सलमति जी, श्री उत्साहमति, श्री श्रेयमति, श्री सुशांतमति, श्री योगीमति, श्री प्रेक्षामति सहित कुल 15 भव्य प्राणियों ने संयम मार्ग अपनाया हैं। आचार्य श्री वर्धमान सागर जी मुनि पुण्य सागर जी संघ सानिध्य में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संहितासूरी श्री पंडित हंसमुख शास्त्री के निर्देशन वीणा दीदी बिगुल की स्वर लहरियों तथा पंडित विशाल के सहयोग से सौधर्म इंद्र, कुबेर, ईशान, यज्ञ नायक, श्रीपाल राजा आदि प्रमुख इंद्र प्रति इंद्र द्वारा आज 256 श्रीफल के अर्घ्य महामंडल पर समर्पित किए गए। आमन्त्रित नाटक मंडली द्वारा श्रीपाल और मेना सुंदरी के कथानक का भावुक प्रदर्शन किया जा रहा हैं मैना सुंदरी कुष्ठ रोग से पीड़ित पति श्रीपाल को तीर्थ वंदना, मुनि संघ के दर्शन कराती हैं। आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने अपने उपदेश में बताया कि कर्मों के उदय से जीव को कष्ट भोगना पड़ता है राजा होने के बावजूद श्रीपाल को कर्मों का दुख भोगना पड़ा और उन्हें कुष्ठ रोग हुआ, जिनेन्द्र भगवान का शासन शक्तिशाली शासन है इसमें अनेक पूजा विधान की रचना तीर्थंकर भगवान की देशना के माध्यम से की गई हैअनंतानंत सिद्धभगवान कीआराधना, भक्ति पूर्वक सिद्धचक्र महामंडलविधान करना चाहिए इससे सभी के रोग, कष्ट पीड़ा दूर होगा। राजेश पंचोलिया इंदौर अनुसार आचार्य श्री ने उपदेश में आगे बताया कि देव शास्त्र एवं गुरुओं पर आस्था रख उनके उपदेश अनुसार धार्मिक अनुष्ठान करने से बड़े से बड़े रोग दूर होते है कुष्ठ रोग से मुक्ति के लिए सिद्धचक्र विधान में अनंतानंत गुणों के धारी सिद्ध भगवान की आराधना पूजन करना चाहिए। इसके पूर्व मुनि श्री पुण्य सागर जी ने उपदेश में बताया कि कभी भी मुनियों का अपमान नहीं करना चाहिए इससे कर्मों के बंधन से नीच नर्क गति जीव जाता हैं। प्रतिदिन अनेक नगरों की समाज उपस्थित होकर धर्म लाभ ले रही है सीकर से भी आशीष जयपुरिया सहित अनेक भक्त उपस्थित हुए। आज मंदसौर की श्री समाज ने उपस्थित होकर आचार्य श्री से मंदसौर संघ सहित पधारने का निवेदन किया।

# ढाई सौ सदस्यों का दल हुआ तीर्थ राज सम्मेद शिखर जी के लिए रवाना

**सिद्धचक्र महामंडल का शिखर जी में होगा भव्य आयोजन होगा**

## तुम अपनी मुर्खतापूर्ण के कारण दुखी हो- मुनि श्री



**अशोक नगर (विश्व परिवार)।** तीर्थ राज सम्मेद शिखर में भव्य सिद्ध चक्र महा मंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के आयोजन की भावना लेकर अशोक नगर से हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ डी के जैन के नेतृत्व में एक ढ़ाई सौ सदस्यीय दल ट्रेन द्वारा शिखर जी के लिए रवाना हो गया जिन्हें जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई वरिष्ठ नेता रामेश नायक केवल चन्द्र भूषा सहित सैकड़ों लोगों ने भाव भीनी विदाई दी।

**तीर्थ राज में शिखर में होगी सिद्धो की महा आराधना :** मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने इस अवसर पर कहा कि शास्वत तीर्थ क्षेत्र की वंदना भी बड़े पुण्य के योग से मिलती है इस पर भी परम पूज्य मुनि श्री पूज्य सागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में सिद्धो की महा आराधना रूप श्री सिद्ध चक्र महा मंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का भव्य आयोजन बारह मार्च से उन्नीस मार्च तक जाने माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ डी के जैन सहाब के विवाह की पचास वी वर्षगांठ पर किया जा रहा है जिसमें शिवपुरी कोलारस गुना सहित अन्य स्थानों से भी प्रमुख जन भाग लेंगे आज दल को रवाना करने हेतु नगर के गणमान्य जन विशेष रूप से उपस्थित थे इस दौरान सिद्ध क्षेत्र में होगी सिद्धो की महा आराधना।

**दुःख को पसंद करना सीख जायें तो दुःख दिखेगा ही नहीं- मुनि श्री :** इस दौरान धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री अविचल सागर जी महाराज ने कहा कि दुःख को पसंद करना सीख जायें तो दुःख दिखेगा ही नहीं संसार में सुख नाम की चीज है ही नहीं आपके बेटे के पिच्चासी नम्बर आये तव आप खुश थे तव ही उसके मित्र की अंक सूची देखी उसके नव्वे नम्बर को देखकर आप दुखी हो गये सुख दुःख होना पाप और पुण्य तय नहीं करते ये तुम्हारे मन पर निर्भर करता है सुखी होना और दुखी होना तुम्हारी शिक्षा तय करती है आप अपने जीवन में पाप कर्म के उदय को अधिकतम दस पांच बार देखेंगे वल्कि और भी कम लेकिन आप बार बार दुखी होते हो, तो तुम अपनी मुर्खतापूर्ण काम के कारण ही दुखी होते हो खुद की मूर्ख बुद्धि के कारण तुम दुखी होते हैं तुम्हारे कोई पाप बाप का उदय नहीं है आपने ऐसी शिक्षा ली है कि थोड़ा भी कुछ अभाव हुआ और दुखी होना सरू कर दिया हमें अपनी शिक्षा को बदल कर सुख दुःख को सही तरह से समझना होगा। **-विजय धुर्रा**

# सुमतीधाम में आदित्योदय श्रुत संवेगी श्रमण आदित्यसागर जी महाराज ससंघ का सुमतीधाम में मंगल प्रवेश



**इंदौर (विश्व परिवार)।** श्री विशुद्धकुल गौरव, आध्यात्मिक महाद्युति, श्रुतसंवेगी श्रमण श्री 108 आदित्यसागर जी महाराज, श्रुतप्रिय श्रमण श्री 108 अप्रमितसागर जी महाराज, अशोकनगर गौरव सहजानंदी श्रमण श्री 108 सहजसागर जी महाराज एवं क्षुल्लक श्री 105 श्रेयससागर जी महाराज सुमतीधाम इंदोर में विराजमान है। मुनीत्रय की चरण धूलि से पावन हो रही है, इंदोर की वसुधा। नित्यम आदित्यम आनंदम।

श्रुत संवेगी श्रमण आदित्य सागर महाराज जी ने इंदोर में कहा कि- जों परिवर्तन से डरते हैं और संघर्ष से कतराते हैं, वो लोग मनुष्यों में सबसे बडे कायर हैं। वीर बने, डरफोक न बने। मनुष्य बने, कायर न बने। सही बात है- परिवर्तन और संघर्ष से मत भागो, उसे स्वीकारो, उसमे खुद को दालो। जब तुम दुसरों को हराओगे, तब तुम खुद भी मुस्कुराओगे। अच्छा काम करोगे तो नाम और शोहरत जरूर पाओगे। सही बात है- इत्र छिडकने वाले के हाथ महकते हैं, मला उठाने वाले के हाथ बदबू देते हैं। मुनि श्री आदित्य सागर महाराज जी के निर्देशन में आचार्य श्री विशुद्धसागरजी महाराज का पट्टाचार्य महा महोत्सव 25 अप्रैल 2025 में 2 मई 2025 तक सुमतिधाम इंदोर में संपन्न होनेवाला है। नमोस्तु शासन जयवंत हो। **-अभिषेक अशोक पाटील**

# रामटेक में बाबा रामदेव ने निर्यापक श्रमण मुनि श्री वीरसागर जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया



**रामटेक (विश्व परिवार)।** धर्म और संस्कृति की पावन भूमि रामटेक में एक ऐतिहासिक क्षण तब साकार हुआ जब योग के वैश्विक प्रणेता योगऋषि बाबा रामदेव और आचार्य भगवन विद्यासागर जी महाराज के प्रिय शिष्य निर्यापक श्रमण मुनि 108 श्री वीरसागर जी महाराज का भव्य समागम हुआ। इस दिव्य संगम से संपूर्ण वातावरण धर्म, अध्यात्म और संस्कारों की सतरंगी आभा से आलोकित हो उठा।

भाव-विभोर बाबा रामदेव ने कहा कि आचार्य भगवन विद्यासागर जी महाराज मेरे जीवन के प्रेरणा स्रोत रहे हैं और आज मुझे उनकी दिव्य छवि निर्यापक श्रमण मुनि 108 श्री वीर सागर जी महाराज में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

भारतीय संस्कृति और शिक्षा में मूल्यों की पुनर्स्थापना को लेकर बाबा रामदेव ने निर्यापक मुनि श्री से %भारतीय शिक्षा बोर्ड% के माध्यम से भारतीय धर्म, संस्कृति और संस्कारों को शिक्षा प्रणाली में शामिल करने पर विस्तृत चर्चा की। उनका मानना है कि आज की युवा पीढ़ी जो पाश्चात्य शिक्षा के प्रभाव में अपनी जड़ों से दूर होती जा रही है, उसे भारतीय संस्कृति की पावन शिक्षा रूपी जल से अभिसिंचित करना आवश्यक है।

इस संवाद में विशेष रूप से यह विमर्श हुआ कि शिक्षा में जैन धर्म के सार्वभौमिक और जीवनोपयोगी संस्कारों को किस प्रकार सम्मिलित किया जाए और भारतीय संस्कृति को शिक्षा प्रणाली का अभिन्न हिस्सा बनाया जाए। बाबा रामदेव ने पूज्य मुनिश्री वीरसागर जी महाराज से निवेदन किया उनके मार्गदर्शन में ही यह कार्य सम्पन्न हो।

बाबा रामदेव और निर्यापक मुनि श्री वीर सागर जी महाराज की इस ऐतिहासिक भेंट ने भारतीय शिक्षा पद्धति को एक नई दिशा देने का संदेश दिया है। यह समागम भारत को एक बार फिर विश्वगुरु के गौरवमयी पद पर प्रतिष्ठित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह दिव्य विमर्श भारतीय संस्कृति और शिक्षा में एक नए युग का आरंभ है जो आने वाली पीढ़ियों को धर्म और संस्कारों की अमूल्य धरोहर सौंपेगा।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर नगर निगम का अमला कमर कसा, आयुक्त प्रतिदिन कर रहे निरीक्षण



**भिलाईनगर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम 2024 आने वाली है। नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं प्रत्येक दिन निरीक्षण कर रहे है। साथ में जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, अभियंतागण, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी, वार्ड के सुपरवाईजर आदि सब अपने-अपने कार्यो के प्रति मुस्दैत होकर कार्य कर रहे है। शुरू में आयुक्त स्वयं किसी भी जोन में बताकर जाते थे, अब आकस्मिक निरीक्षण करने किसी भी जोन के किसी भी वार्ड में पहुचं जाते है। वहां पर स्वयं निरीक्षण करते है संबंधित को बुलाकर जवाबदेही तय करते है। किसी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित को नोटिस भी दिया जा रहा है।


स्वच्छ सर्वेक्षण के दौरान प्रमुख रूप से नागरिको का फीड बैक बहुत महत्वपूर्ण है। ऑनलाईन लिंक सिस्टम के माध्यम से करना है। घर-घर कचरा संग्रहण, कबाड़ से जुगाड़, सीएनडी वेस्ट का उपयोग, मार्केट एवं चौंक चौराहो की सफाई, कचरो से पुनः उपयोग, कचरा में कमी लाना, पुराने कचरो को सही ढंग से सेग्रिगेट करना, कचरो से खाद बनाना, गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग देना, प्रमुख बाजारों में टाइम कचरा लेना, सुलभ शौचालय, उद्यान, तालाब, सड़क आदि की व्यवस्थित साफ-सफाई रखना, यह सब शामिल है। नगर निगम का पुरा प्रयास है कि पुराने रैकिंग में सुधार लाते हुए अच्छा कार्य किया जाये।

वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने सभी नागरिको से अपील की है कि अपने क्षेत्र की स्वच्छता गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए अपना भरपूर सहयोग करें। आज इंदौर शहर स्वच्छता में नम्बर 1 पर है, क्योकिं वहा का प्रत्येक नागरिक सफाई में अपना योगदान देते है। कचरा इधर-उधर नहीं फेकते है, गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग कर देते है। इसी प्रकार हम सब भी भिलाई शहर को नम्बर 1 बनाने के लिए अपना योगदान दें। जिससे शहर को स्वच्छ एवं साथ-सुथरा बना सकें। अपना शहर भी अन्य शहरो की तरह साफ सुन्दर एवं स्वच्छता में अग्रणी रहे। जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, येशा लहरे, सतीश यादव, अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक व्ही के सेमुवल, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, बीरेन्द्र बंजारे, हेमंत मांझी, सागर दुबे एवं जोन स्वच्छता निरीक्षकों को जिम्मेदारी दी गई है कि सभी लोग अपने अपने क्षेत्र में पूर्ण रूप से मुस्तैद रहे निगम के जो भी संसाधन है, उसका उपयोग करते हुए कार्य को अच्छे से करना है।

# दुर्ग-निजामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस में एसी-3 कोच की सुविधा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 22867/22868 दुर्ग-निजामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस में एक एसी-3 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 22867 दुर्ग-निजामुद्दीन हमसफर एक्सप्रेस में दिनांक 18 मार्च 2025 को तथा गाड़ी संख्या 22868 निजामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस में दिनांक 19 मार्च 2025 को उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

# एनआईटी रायपुर में 'लिविंग अ पर्पसफुल लाइफ' विषय पर व्याख्यान सत्र का आयोजन, स्वामी आत्मविद्यानंद गिरी जी ने सिखाए क्रिया योग के द्वारा जीवन जीने के मंत्र



**रायपुर (विश्व परिवार)।** एनआईटी रायपुर में दिनांक 11 मार्च 2025 को प्रबोधन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वामी आत्मविद्यानंद गिरी जी का विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। स्वामी आत्मविद्यानंद गिरी जी क्रिया योग संस्थान के उपाध्यक्ष हैं और वे पिछले दो दशकों से दुनियाभर में क्रिया योग का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। व्याख्यान का विषय 'लिविंग अ पर्पसफुल लाइफ' था, कार्यक्रम का आयोजन विशेष रूप से छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए किया गया था, जिससे वे कर्मयोग और आध्यात्मिक जीवन के महत्व को गहराई से समझ सकें। इस कार्यक्रम में निदेशक (प्रभारी) डॉ. समीर बाजपेई, डीन (छात्र कल्याण) डॉ. नितिन जैन, समन्वयक, श्री प्रकाश मिश्रा, डॉ. मंजू शुक्ला, श्री सूरज निषाद, संस्थान के अलुमिनी, फैकल्टी मेम्बर्स, पीएचडी स्कॉलर्स और छात्र उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् के सामूहिक गान के साथ हुआ, जिससे पूरी सभा में राष्ट्रभक्ति और ऊर्जा का संचार हुआ। डॉ. बाजपेई ने मुख्य अतिथि स्वामी आत्मविद्यानंद गिरि जी का स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। डॉ. बाजपेई ने बताया कि प्रबोधन कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिष्ठित वक्ताओं को आमंत्रित कर ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित करना है, ताकि विद्यार्थियों में जीवन मूल्यों का विकास किया जा सके।

इसके पश्चात स्वामीजी ने अपने संबोधन की शुरुआत एक श्लोक के साथ की और सर्वव्यापी दिव्य शक्ति को नमन किया। उन्होंने जीवन को एक सतत सीखने और आत्म-खोज की यात्रा बताया और यह भी कहा कि इंसान अक्सर अपने सच्चे उद्देश्य को लेकर भ्रमित रहता है। महाभारत के एक श्लोक का उल्लेख करते हुए, स्वामीजी ने समझाया कि बुद्धि ही मनुष्यों को पशुओं से अलग बनाती है, जिससे वे सही और गलत में अंतर कर सकते हैं। उन्होंने जीवन के सार को समझाते हुए कहा कि महान व्यक्ति खुद को एक उच्च उद्देश्य के लिए समर्पित कर देते हैं, जो उन्हें उन लोगों से अलग करता है जो बिना किसी नैतिक दिशा के जीवन व्यतीत करते हैं। एक कहानी के माध्यम से उन्होंने यह संदेश दिया कि समय का सही उपयोग करना और समाज में सार्थक योगदान देना कितना महत्वपूर्ण है, जिससे व्यक्ति अपने विचारों और कर्मों के माध्यम से एक योगी बन सकता है।

स्वामीजी ने यह भी बताया कि हर व्यक्ति को अपने जुनून पर ध्यान देना चाहिए, अपनी ताकत और कमजोरियों को पहचानना चाहिए और अपने रास्ते पर भरोसा रखना चाहिए। उन्होंने सेवा कार्यों में भाग लेने, समाज को कुछ देने, कृतज्ञता विकसित करने और संतुष्ट रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। स्वामीजी ने एक श्लोक साझा किया और यह समझाया कि सांस और मानसिक शांति के बीच गहरा संबंध है। उन्होंने कहा कि अगर हम अपनी सांसों को नियंत्रित करना सीख लें तो हमारा मन शांत हो जाता है। उन्होंने क्रिया योग की अवधारणा को समझाया- क्रि (क्रिया) और या (दिव्यता)- जो एक प्राचीन और वैज्ञानिक ध्यान पद्धति है, जो सांस और कर्म को आत्मा से जोड़ती है। स्वामीजी ने बताया कि क्रिया योग के कई लाभ हैं, यह न केवल शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक रूप से व्यक्ति को सशक्त बनाता है, बल्कि आत्म-जागरूकता को भी गहरा करता है, जिससे मोक्ष की प्राप्ति में सहायता मिलती है।

# पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने बारदाना और धान खरीदी, रेडी टू ईट और अन्त्योदय खाद्यान्न योजना के संबंध में विधानसभा में उठाया मुद्दा



**पंडरिया (विश्व परिवार)।** पंडरिया विधानसभा सहित प्रदेश के प्रमुख विषयों को लेकर पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा निरंतर विषयों को उठाया जा रहा है। आज विधानसभा में उन्होंने समर्थन मूल्य में धान खरीदी हेतु बारदाने के क्रय, धान खरीदी एवं उसके उठाव तथा रेडी टू ईट और अन्त्योदय खाद्यान्न योजना के संबंध में प्रश्न किया।

भावना बोहरा ने प्रश्न करते हुए पूछा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिनांक 10.02.2025 तक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु राज्य शासन द्वारा कहां-कहां से कितने नग बारदाने किस-किस दर पर खरीदे गए ? शासन को समर्थन मूल्य में धान खरीदी हेतु इस वर्ष कितने बारदाने की आवश्यकता थी तथा आवश्यकता के विरुद्ध कितने बारदानों की खरीदी की गई ? जिसका उत्तर देते हुए खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल जी ने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु मॉर्कफेड द्वारा जूट कमिश्नर कोलकाता के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2023-24 में 18 करोड़ 35 लाख 86 हजार नए बारदाने की खरीदी की गई वहीं वहीं 3 करोड़ 29 लाख 06 हजार बारदाने पीडीएस दुकानों से ख़रीदे गए वहीं खरीफ विपणन हेतु वर्ष 2024-25 में 149.24 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी के लिए 37 करोड़ 31 लाख 18 हजार बारदाने की आवश्यकता थी जिसके विरुद्ध में 21 करोड़ 60 लाख नए बारदाने की खरीदी हुई और 4 करोड़ 75 लाख 28 हजार पुराने बारदाने की खरीदी हुई इस प्रकार लगभग कुल 26 करोड़ 35 लाख 28 हजार ही बारदाने की खरीदी की गई।

भावना बोहरा ने बारदाने की कमी और किसानों को हो रही चिंता के विषय में प्रश्न करते हुए कहा कि जूट उत्पादन की कमी की वजह से जुट के बारदाने की कमी हो रही है इसके लिए जूट उत्पादन करने वाले कृषकों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष योजना बनाई जानी चाहिए इससे उन्हें तो प्रोत्साहन मिलेगा ही साथ ही बारदाने की कमी से किसानों को भी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार को धान खरीदी हेतु जूट के बारदाने पर निर्भर है इसके लिए कोई वैकल्पिक उपाय भी जरुर सोचना चाहिए ताकि बारदाने की कमी होने से किसानों को अपना धान तय समय में बेचने में परेशानी न हो। वहीं बारदाने की खरीदी को लेकर भी उन्होंने कहा कि वर्तमान में जुट कमिश्नर द्वारा बारदाने की खरीदी प्राप्त उत्तर के अनुसार 62 रुपए से 72 रुपए की बीच है, जबकि निजी क्षेत्रों में इससे कम दाम पर बारदाने खरीदी की कोई प्रावधान है क्या ?जिसके उत्तर में मंत्री जी ने बताया कि बारदाने की खरीदी के लिए जूट कमिश्नर से खरीदी करने हेतु केंद्र सरकार के निर्देश पर की जाती है।

भावना बोहरा ने धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग के संबंध में प्रश्न करते हुए पूछा कि पंडरिया विधानसभा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 10.02.2025 तक किसानों से कितने कितने मात्रा में धान की खरीदी की गई ? खरीदी गई धान में से कितनी मात्रा में कस्टम मिलिंग हेतु उठाव हुआ है ? कितनी मात्रा में उठाव शेष है ? जिसका लिखित उत्तर देते हुए खाद्य मंत्री जी ने बताया कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 57 10.02.2025 तक किसानों से 3, 31, 611.76 मे.टन धान की खरीदी की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### आसिफ मेमन बने नगर पालिका उपाध्यक्ष, नगर विकास को मिलेगी नई गति



**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** नगर पालिका परिषद के शपथ ग्रहण समारोह के बाद बुधवार को नगर पालिका उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन संपन्न हुआ, जिसमें आसिफ मेमन को निर्विरोध उपाध्यक्ष चुना गया। लगातार चार बार पार्षद रह चुके आसिफ मेमन ने इस बार वार्ड परिवर्तन के बावजूद रिकॉर्ड 370 मतों से शानदार जीत दर्ज की थी। इस अवसर पर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आसिफ मेमन नगर विकास और जनसेवा के प्रति समर्पित हैं और उनके अनुभव से नगर पालिका को लाभ मिलेगा। पूर्व अध्यक्ष मेमन ने यह भी कहा कि इस बार नगर पालिका में एक सक्षम और अनुभवी टीम बनी है। अध्यक्ष रिखीराम यादव, सुरेंद्र सोनटेके, विष्णु मरकाम और आसिफ मेमन के नेतृत्व में नगर के विकास कार्यों में तेजी आएगी। नगरवासियों को उम्मीद है कि यह नई टीम शहर को एक नई दिशा देने में सफल होगी।

### अवैध शराब बिक्री करते एक आरोपी पकड़ाया

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** जिले की डोंगरगांव थाना पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 93 पौवा देशी शराब जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु. अधिकारी डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव क्षेत्रों मे जुआ , शराब , चोरी के गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखते हुये है। इस तारतम्य में दिनांक 09.03.2025 को मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर थाना डोंगरगांव ने पुलिस टीम गठित कर मुखबीर के बताये स्थान पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया तथा आरोपीगणों हरीश निर्मलकर पिता कमलराम निर्मलर उम्र- 20 साल, पता- ग्राम सालिकझिटिया,डोंगरगांव के पास प्लास्टिक के रंगीन एक बोरी में रखा 93 पौवा देशी प्लेन शराबे जप्त किया गया। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा- 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

### नगर पंचायत चुनाव में बागी ने बिगाड़ा भाजपा का समीकरण

**बलरामपुर(विश्व परिवार)।** वाड्रफ्नगर नगर पंचायत उपाध्यक्ष चुनाव में बागी प्रत्याशी पंकज गुप्ता ने भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी रामकुमार कुशवाहा के खिलाफ पहले नामांकन दाखिल किया. जिसके बाद बीजेपी प्रत्याशी को चुनाव में 2 वोट से पटखनी दी. संगठन के रामकुमार कुशवाहा को उपाध्यक्ष प्रत्याशी बनाए जाने के फैसले से भाजपा पार्षदों में नाराजगी थी. जिसका नुकसान भाजपा को नगर पालिका उपाध्यक्ष चुनाव में हुआ. नाराज पार्षद बागी हो गए और उन्होंने पंकज गुप्ता के पक्ष में मतदान किया. पंकज गुप्ता के पक्ष में 9 वोट पड़े. वहीं भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी रामकुमार कुशवाहा को 7 वोट मिले.

## तीन हार्डकोर माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में की वापसी





**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति और आत्मसमर्पित साथियों के खुशहाल जीवन से प्रेरित होकर तीन हार्डकोर माओवादियों ने गरियाबंद पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। इनमें दो महिला एवं एक पुरुष माओवादी शामिल हैं, जो लंबे समय से नक्सली संगठनों में सक्रिय थे और कई गंभीर घटनाओं में लिप्त रहे हैं।

#### आत्मसमर्पित माओवादी

1. दिलीप उर्फ संतू (5 लाख का इनामी) - एसडीके एरिया कमेटी का डिप्टी कमांडर
2. मंजुला उर्फ लखमी (5 लाख की इनामी) - एसडीके एरिया कमेटी सदस्य
3. सुनीता उर्फ जुनकी (5 लाख की इनामी) - बरगढ़ एरिया कमेटी सदस्य

#### नक्सली गतिविधियों में लंबा इतिहास

दिलीप उर्फ संतू (ग्राम कैसेकोडी, कांकेर) ने 2012 में संगठन में भर्ती होकर विभिन्न क्षेत्रों में काम किया। वह 2020 में डिप्टी कमांडर बना और कई माओवादी हमलों में शामिल रहा, जिनमें सिकासेर जंगल मुठभेड़ व भालूडिग्गी पहाड़ी की घटना शामिल हैं।

मंजुला उर्फ लखमी (ग्राम गोंदीगुडेम, सुकमा) 2016 में संगठन में शामिल हुई और 2019 से एसडीके एरिया कमेटी में सक्रिय रही। उसने भी कई हमलों में भाग लिया, जिनमें आमामोरा, सोनाबेड़ा और पाताघरा की घटनाएँ प्रमुख हैं।

सुनीता उर्फ जुनकी (ग्राम पोटेन, बीजापुर) 2010 में नक्सल संगठन से जुड़ी और 2024 तक बरगढ़ एरिया कमेटी में सक्रिय सदस्य रही।

#### शोषण व हिंसा से त्रस्त होकर आत्मसमर्पण

तीनों माओवादियों ने स्वीकार किया कि संगठन अब निर्दोष ग्रामीणों की हत्या, जबरन वसूली, विकास कार्यों में बाधा डालने, युवाओं को जबरन भर्ती करने और छोटे कैडरों का शोषण करने का अड्डा बन चुका है। उन्होंने कहा कि माओवादी संगठन की खोखली विचारधारा व निर्दोषों पर अत्याचार ने उनके मन को विचलित कर दिया।

#### पुनर्वास योजना से मिली प्रेरणा

आत्मसमर्पित माओवादियों ने शासन की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाने का फैसला किया। उन्होंने स्वीकार किया कि पहले आत्मसमर्पण कर चुके उनके साथियों को पुनर्वास योजना के तहत रोजगार, आवास, स्वास्थ्य सुविधा और जीवनयापन की अन्य सुविधाएं मिल रही हैं, जिससे वे प्रभावित हुए।

गरियाबंद पुलिस और प्रशासन ने आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों का स्वागत किया और उन्हें पुनर्वास योजना का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। पुलिस के अनुसार, शासन की नीति और लगातार जागरूकता अभियानों का यह सकारात्मक परिणाम है कि माओवादी हिंसा छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौट रहे हैं।

#### शासन का संदेश

शासन ने अन्य माओवादियों से भी अपील की है कि वे हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण करें और एक सम्मानजनक जीवन जिएं।

## होली और रमजान पर अमन और भाईचारे की अपील, गरियाबंद में शांति समिति की बैठक संपन्न





**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** आगामी होली और रमजान के त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के लिए गरियाबंद तहसील कार्यालय में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम ऋचा ठाकुर, डीएसपी निशा सिन्हा और तहसीलदार मयंक अग्रवाल ने की। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, प्रशासनिक अधिकारियों और नगरवासियों ने मिलकर त्योहारों को शांति और भाईचारे के साथ मनाने का संकल्प लिया।

**एसडीएम ने की शांति बनाए रखने की अपील -** बैठक में एसडीएम ऋचा ठाकुर ने कहा, होली और रमजान दोनों ही त्योहार प्रेम और सौहार्द का संदेश देते हैं। हमें एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए इन्हें मनाना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना प्रशासन को देने का आग्रह किया।

**डीएसपी ने किया सख्ती का ऐलान -** डीएसपी निशा सिन्हा ने कानून-व्यवस्था को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि 卐होली के दिन शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों पर विशेष नजर रखी जाएगी। किसी भी तरह की अराजकता और भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।

नगर पालिका के पार्षद सूरज सिन्हा ने कहा कि होली प्रेम और भाईचारे का त्योहार है, इसे सभी को मिलजुलकर मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा प्रमुख चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर सफाई व्यवस्था और पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, कचरा निस्तारण के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे।

**थाना प्रभारी ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों की दी जानकारी-** थाना प्रभारी ओम प्रकाश यादव ने बताया कि होली के दिन पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त बल तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा, जबरदस्ती रंग लगाने, विवाद करने या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के भड़काऊ पोस्ट या धार्मिक टिप्पणी से बचने की सलाह दी गई। बैठक में नगरपालिका उपाध्यक्ष आसिफ़ मेमन, पार्षद छगन यादव, पार्षद खेम सिंह बघेल, वरिष्ठ पत्रकार और विभिन्न समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

### अवैध रूप से गांजा की तस्करी कर रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**धमतरी(विश्व परिवार)।** धमतरी पुलिस थाना कुरुद को मुखबिर से मिली जानकारी के अनुसार सूर्य नमस्कार चौक के पास जय राम नेताम नामक व्यक्ति अपने घर में अवैध रूप से गांजा रखकर बेच रहा है की सूचना पर तत्काल धमतरी पुलिस थाना कुरूद द्वारा दबिश देकर गवाहों के समक्ष आरोपी जय नेताम को अपने आंगन में एक प्लास्टिक के बोरी के अंदर हरा व सफेद रंग की पॉलीथिन में गांजा बेचते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। गांजा खरीदने वाले ग्राहक पुलिस को देखकर भाग गये। आरोपी-जय नेताम पिता स्व.अजीत नेताम,उम्र 30 वर्ष,साकीन पचरीपारा कुरूद, थाना कुरुद, थाना धमतरी जिला धमतरी,(छ.ग.) के कब्जे से 2.373 किलो ग्राम, गांजा कुल वजन बाजार मुल्य के आधार से करीबन 24,000/- रुपये एवं बिक्री रकम 120/- रुपये, कुल 24,120/- रूपये जब्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना कुरूद में अप.क्र. 69/25 धारा 20 (ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## गरियाबंद पुलिस की सराहनीय पहलः होली से पहले साइबर सेल ने 51 गुम हुए मोबाइल लौटाए






**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** होली के त्योहार से पहले गरियाबंद पुलिस ने एक सराहनीय पहल करते हुए आमजन की खुशियों को दोगुना कर दिया है। गरियाबंद साइबर सेल की मदद से कुल 51 गुम हुए मोबाइल को बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द किया गया। गुम हुए मोबाइल को वापस पाकर लोगों के चेहरे पर फ़िर से मुस्कान लौट आई। इस पहल से आमजन के बीच पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा का भाव और मजबूत हुआ है। गरियाबंद पुलिस ने बताया कि यह पहल आगे भी जारी रहेगी, जिससे भविष्य में भी गुम हुए मोबाइल लोगों को वापस मिल सकें। गरियाबंद पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति का मोबाइल फ़ोन गुम हो जाता है तो वह तुरंत साइबर सेल गरियाबंद में इसकी सूचना दें। इससे उनके गुम हुए मोबाइल को जल्द से जल्द बरामद कर लौटाया जा सकेगा।

## सांसद की अध्यक्षता में डीएमएफशासी परिषद एवं प्रबन्धकारिणी समिति की बैठक संपन्न

#### चिकित्सा और स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा मेडिकल कॉलेज का निर्माण



**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** सांसद बस्तर लोकसभा क्षेत्र श्री महेश कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित जिला खनिज संस्थान न्यास निधि शासी परिषद एवं प्रबंधकारिणी समिति की बैठक संपन्न हुआ। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल उन्नयन, ग्रामीण विकास के कार्यों को प्राथमिकता दी गयी है। बैठक में जिले में 306 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय निर्माण का अनुमोदन किया गया। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य एवं चिकित्सा की दृष्टि से जिले में नवीन मेडिकल कॉलेज का निर्माण होना एक अभूतपुर्व पहल होगी। जिससे न केवल स्थानीय छात्र-छात्राएं लाभान्वित होंगे बल्कि दक्षिण बस्तर क्षेत्र के अन्य जिले के छात्रों को भी बेहतरीन सुविधा होगी। पूर्व में चिकित्सा क्षेत्र में करियर बनाने वाले छात्र-छात्राओं को दूरस्थ जिलों का रुख करना पड़ता था। जो उनके लिए वस्तुत: कठिन ही साबित होता था। परन्तु अब जिले में ही मेडिकल कॉलेज की सुविधा होने से क्षेत्र के अधिक से अधिक छात्र चिकित्सा क्षेत्र की ओर आकर्षित होंगे और अंततः अंचल में स्वास्थ्य सुविधाओं में क्रांतिकारी परिवर्तन आयेगा। इसके अलावा डीएमएफ शासी परिषद एवं प्रबन्धकारिणी समिति बैठक में गर्भवती महिलाओं, किशोरों और शिशुओं के लिए पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने। कुशल उत्पादन के लिए आधुनिक खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का अनुपालन करने और स्वच्छ उत्पादन सुनिश्चित करने के क्रम में ''रिपा रेडी-टू-ईट'' के 05 स्थानों में 2.00 करोड़ की लागत के नवीन मशीनरी के अत्याधुनिक विनिर्माण इकाई स्थापित करने, को भी स्वीकृति दी गई। साथ ही चारों विकासखण्डों में मिनी मिलेटस मील के छोटी इकाई में मशीनरी क्रय करने एवं जिले के समस्त वासियों को स्वास्थ्य लाभ प्रदाय करने के उद्देश्य से 1.00 करोड़ का भी अनुमोदन किया गया। इसके साथ बैठक में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने पीपीटी के माध्यम से बताया कि जिले में नवीन स्कूल भवन, स्कूल मरम्मत निर्माण अन्तर्गत शिक्षा से वंचित बालक,बालिका के बेहतर शिक्षा हेतु भवन विहीन एवं अत्यधिक जर्जर भवन के स्थान पर नवीन भवन निर्माण तथा मरम्मत योग्य भवनों के कार्य हेतु जिला खनिज संस्थान न्यास निधि के माध्यम से राशि 454.34 की स्वीकृति प्रदान की गई है और जिले में बच्चों के बौद्धिक विकास हेतु आंगनबाड़ी भवन निर्माण, मरम्मत 20 नवीन आंगनवाड़ी भवन निर्माण एवं मरम्मत कार्य हेतु 242.53 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### नगरपालिका वार्ड क्रंमांक 12 में होलिका दहन समारोह मनाया जाएगा बड़े धूमधाम के साथ

**बलरामपुर(विश्व परिवार)।** नगरपालिका के वार्ड 12 में इस वर्ष होलिका दहन समारोह बड़े धूमधाम और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। वार्ड पार्षद अमित गुप्ता उर्फ मंटू और वार्ड 14 के पार्षद गौतम सिंह के नेतृत्व में 13 मार्च को विशेष आयोजन रखा गया है, जिसमें नगर के सभी नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। अमित गुप्ता ने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। होलिका दहन हमें आपसी प्रेम, सौहाद्र और सामाजिक एकता का संदेश देता है।नगर में होलिका दहन को लेकर जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन स्थल को भव्य रूप से सजाया जा रहा है, और सुरक्षा के विशेष इंतजाम भी किए गए हैं। इस मौके पर पारंपरिक विधि-विधान से होलिका दहन किया जाएगा और पूजा-अर्चना की जाएगी।नगरवासियों में उत्साह, गणमान्य लोग होंगे शामिल होलिका दहन समारोह में नगर के गणमान्य नागरिक, स्थानीय प्रतिनिधि, समाजसेवी और बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल होंगे। इस अवसर को खास बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन-कीर्तन और होली गीतों का आयोजन भी किया जाएगा।तो आइए, 13 मार्च को मिलकर होलिका दहन करें और खुशियों के रंगों में सराबोर हों!

## व्यापार समाचार

## नथिंग फ़ोन (3a) की बिक्री शुरू; कम से कम 19,999 में उपलब्ध है



**नई दिल्ली:** नथिंग, लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी ने 11 मार्च से फ्लिपकार्ट, विजय सेल्स, क्रोमा और भारत के सभी प्रमुख रिटेल स्टोरों पर नथिंग फ़ोन (3a) सीरीज़ की ओपन सेल शुरु कर दी है। पहले दिन एक विशेष शुरुआती ऑफ़र के रूप में, फ़ोन (3a)19,999 रुपये की कीमत पर उपलब्ध होगा, और फ़ोन (3a) प्रो 24,999 रुपये (सभी ऑफ़र सहित) की कीमत पर उपलब्ध होगा। 4 मार्च, 2025 को नथिंग ने फ़ोन (3a) सीरीज़ को वैश्विक स्तर पर लॉन्च किया, जिसके कैमरा में प्रमुख अपग्रेड शामिल हैं। फ़ोन (3a) में 50MP का मेन सेंसर, सोनी का अल्ट्रा-वाइड सेंसर और 2× ऑप्टिकल ज़ूम वाला 50MP का टेलीफ़ोटो लेंस है, जबकि पेरिस्कोप कैमरा वाले फ़ोन (3a) प्रो में 60× अल्ट्रा ज़ूम है। सेल्फ़ी के लिए, फ़ोन (3a) में 32MP का फ्रंट कैमरा है, जबकि प्रो मॉडल में 4K वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ 50MP का सेंसर है। दोनों फ़ोनों में Snapdragon® 7s Gen 3 मोबाइल प्लैटफ़ॉर्म और 5000mAh की बैटरी है जो एक बार फुल चार्ज होने पर दो दिन तक इस्तेमाल करने की सुविधा देती है। 50W पर अपग्रेडेड फ़ास्ट चार्जिंग के साथ, फोन (3a) सीरीज़ 20 मिनट से कम समय में पूरे दिन की पावर (50%) देती है। इसके अलावा, दोनों फोन में फुल HD+ रेज़ोल्यूशन के साथ 6.77 इंच का इमर्सिव डिस्प्ले है। स्क्रीन के हर इंच में 387 पिक्सल और फ़्लुइड 120Hz अडैप्टिव रिफ्रेश रेट के साथ दृश्य स्पष्ट दिखते हैं। गेमिंग मोड में डिस्प्ले 1000Hz सैंपलिंग रेट प्रदान करता है जिससे गेमिंग स्मूथ और रिस्पॉन्सिव हो जाती है। नथिंग फ़ोन (3a) सीरीज़ एंड्रॉइड 15 पर नथिंग OS 3.1 पर चलती है, जो स्थिरता, उपयोगिता और कस्टमाइज़ेशन के लिए अनुकूलित किया गया है।

## एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने महिला बिज़नेस कॉरेस्पॉन्डेंट नेटवर्क का विस्तार करके उसे 100,000 तक पहुँचाया, वित्तीय समावेशन और सशक्तीकरण को बढ़ावा मिला

**रायपुर।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक भारत में बैंकिंग की उपलब्धता व समावेशिता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। अपने मिशन को महिलाओं पर केंद्रित रहते हुए एयरटेल पेमेंट्स बैंक पूरे देश में वित्तीय समावेशिता लाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एयरटेल पेमेंट्स बैंक उन महिलाओं को सम्मानित कर रहा है, जो महिला बिज़नेस कॉरेस्पॉन्डेंट्स के रूप में वित्तीय उपलब्धता बढ़ाने में अमूल्य योगदान दे रही हैं तथा वंचित समुदायों को बैंकिंग के दायरे में ला रही हैं। बैंक अब 1,00,000 से अधिक महिला बिज़नेस कॉरेस्पॉन्डेंट के साथ काम करता है, जिससे वित्तीय समावेशन और आर्थिक सशक्तीकरण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता मजबूत होती है। पिछले सालों में एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने बैंकिंग सेवाओं को देश के सबसे दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में पहुँचाकर सबसे विशाल बैंकिंग नेटवर्क का निर्माण किया, जिसमें 500,000 से ज्यादा पड़ोसी बैंकिंग पॉईंट शामिल हैं। ये बैंकिंग पॉईंट बिज़नेस कॉरेस्पॉन्डेंट्स द्वारा चलाए जाते हैं, जो बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित और अधिकृत होते हैं। इस बैंक ने मुख्य बाजारों में तेजी से वृद्धि की है और बैंकिंग सेवाओं से वंचित तथा बैंकिंग सेवाओं की कमी वाले लाखों लोगों तक वित्तीय सेवाएं पहुँचाई हैं। वित्तीय समावेशिता लाने के अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने इस परिवर्तन के लिए महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। महिला बिज़नेस कॉरेस्पॉन्डेंट डोरस्टेप बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जिनमें खाता खुलवाने, फंड ट्रांसफर करने, बिल का भुगतान करने, तथा माईक्रो लोन की सेवाएं शामिल हैं। बीसी नेटवर्क ये सभी सेवाएं उन लोगों तक पहुँचा रहा है। जिन्हें पहले बुनियादी बैंकिंग सेवाएं या तो बिल्कुल उपलब्ध नहीं थीं, या बहुत कम उपलब्ध थीं।

## होली के लिए जरूरी सामान, जो रंग और खुशियों से भर देंगे आपका त्योहार

**ड्रिंक्स ठंडाई पाउडर 100 ग्राम , एम.आर.पी. 199 :** होली के जश्न की कल्पना ठंडी ठंडाई के बिना अधूरी लगती है। बादाम, सौंफ खरबूजा बीज, गुलाब की पंखुड़ियां, केसर और इलायची का यह खास मिश्रण एक ताज़ा और मसालेदार ड्रिंक होली के लिए परफेक्ट चॉइस है। इसे बनाना बेहद आसान है, और यह प्री-मिक्स आपको पारंपरिक त्योहार के स्वाद का आनंद बिना किसी झंझट के देता है। यह होली के लिए परफेक्ट चॉइस है। इसे खास अंदाज में सर्व करें और हर घूंट के साथ होली का मज़ा बरकरार रखें।

**फाल्गुन ब्लू ठंडाई ग्लास गिफ्ट सेट ( 2 ग्लास ), एम.आर.पी. 1,299 :** हर उत्सव की शोभा उसके खूबसूरत सर्ववेयर बढ़ाते हैं। और अगर फाल्गुन ब्लू ठंडाई ग्लास गिफ्ट सेट की बात करें तो यह हाथ से बना हुआ सिरेमिक टंबलर सेट है। अपनी गहरी नीली चमक और आकर्षक डिजाइन के साथ यह हर पेय को खास बना देता है। चाहे आप इसमें ठंडाई परोसें या ठंडे शरबत, ये टंबलर आपकी टेबल की खूबसूरती में चार चांद लगा देंगे। माइक्रोवेव और डिशवॉशर सेफहोने के कारण, ये रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए एक दम सही हैं। और साथ ही यह त्योहारों में देने के लिए एक शानदार तोहफा भी साबित हो सकते हैं।

टील कॉटन प्रिंटेड टेबल रनर - बड़ा साइज, एम.आर.पी. 799 : इस हैंड-ब्लॉक प्रिंटेड कॉटन टेबल रनर के साथ अपनी होली के जश्न में मनमोहक रंग जोड़ें। इसकी सुंदर डिज़ाइन और नरम कपड़ा पारंपरिक कला की खूबसूरती को दर्शाता है, जिससे यह आपकी डाइनिंग टेबल के लिए एक आकर्षक सजावट के साथ उपयोगी बन जाता है। चाहे आप भव्य दावत दें या छोटा सा मिलन समारोह रखें, यह रनर हर खास मौके को और यादगार बना देगा।

फेस्टिव हर्बल गुलाल लाल 75, एम.आर.पी. 180 : होली खेलें वैसे जैसे इसे खेला जाना चाहिए सुरक्षित और स्किन-फ्रेंडली रंगों के साथ। फैबइंडिया का हर्बल गुलाल सेट, कॉर्न स्टार्च से बना है और इसमें हल्दी, गुलाब, चुकंदर, पालक, अनार, अन्नाट्टो बीज और रक्त चंदन पाउडर से प्राप्त प्राकृतिक रंग शामिल हैं।

# मैं इस प्रारूप से संन्यास लेने नहीं जा रहा हूं : रोहित शर्मा

**दुबई,( एजेंसी )।** पिछले करीब एक साल में रोहित शर्मा ने काफी उतार-चढ़ाव देखा। उन्होंने पिछले साल जून में भारत को टी-20 विश्व कप चैंपियन बनाया था, लेकिन इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में उनका प्रदर्शन काफी खराब रहा। लगातार बल्लेबाजी और कप्तानी दोनों में फेल होने के कारण उन्हें आलोचकों ने निशाने पर लिया और उन्हें टीम से हटाए जाने तक की मांग होने लगी। अब 9 मार्च, 2025 की तारीख को रोहित ने पूरे भारत को ऐसी खुशी दी है जिसके बाद उनकी आलोचना करने वालों में तगड़ी कमी देखने को मिलेगी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीतकर रोहित ने लिमिटेड ओवर्स क्रिकेट में अपनी शानदार कप्तानी को जारी रखा है। रोहित



ने फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत को आतिशी शुरुआत दिलाई और अपनी अर्धशतकीय पारी से शुरुआत में ही उन्हें मैच से बाहर कर दिया था। इस मैच से पहले अटकलों का बाजार काफी गर्म था कि रोहित वनडे से अपने संन्यास का भी ऐलान कर सकते हैं, हालांकि मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने तमाम अटकलों पर विराम लगा दिया। रोहित ने कहा, मैं इस प्रारूप से संन्यास लेने नहीं जा रहा हूं। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं ताकि आगे कोई अफवाह नहीं फैलाई जाए। देखते हैं अभी कोई फ्यूचर प्लान नहीं है, जो हो रहा है चलता रहेगा। प्लेयर ऑफ द मैच बनने पर रोहित ने कहा, इस ट्रॉफी को जीतना बहुत अच्छा अहसास है। पूरे टूर्नामेंट में हमने शानदार क्रिकेट खेला और अंत में अपनी मेहनत का फल इस तरह मिलना वाकई खास है। जिस तरह से हमने इस मैच में खेला, उससे मैं बेहद खुश हूं। यह (खेलने का यह तरीका) मेरे लिए स्वाभाविक नहीं है, लेकिन यह कुछ ऐसा था जिसे मैं सच में आजमाना चाहता था। जब आप कुछ नया करने की कोशिश करते हैं, तो टीम का समर्थन बहुत जरूरी होता है, और टीम मेरे साथ थी--2023 वर्ल्ड कप में राहुल भाई और अब गौती भाई (गौतम गंभीर) का पूरा समर्थन मिला। इतने सालों से मैंने अलग अंदाज में खेला है, लेकिन मैं देखना चाहता था कि क्या हम अलग तरीके से खेलकर भी अच्छे नतीजे हासिल कर सकते हैं। फाइनल में रोहित काफी शानदार बल्लेबाज़ी कर रहे थे और ऐसा लग रहा था कि शतक लगाएंगे, लेकिन वह स्टंपिंग का शिकार हो गए थे। स्पिनर के खिलाफ आगे निकलने के बाद रोहित को बहुत कम ही इस तरह आउट होते देखा गया है। उन्होंने कहा, पैरों का इस्तेमाल करना कुछ ऐसा है जो मैं अब काफी समय से कर रहा हूं। इससे पहले इसी कोशिश में आउट भी हुआ हूं, लेकिन मैंने कभी इस रणनीति से हटने की नहीं सोची। यह खेल को आसान बनाता है और आपको आजादी देता है। यही कारण है कि मैं बल्लेबाजी में गहराई चाहता था--जडेजा का नंबर 8 पर आना आपको यह आत्मविश्वास देता है कि आप खुलकर खेल सकते हैं। अगर रणनीति काम कर जाती है तो ठीक, नहीं भी तो कोई बात नहीं। सबसे जरूरी चीज यह है कि मेरे दिमाग में स्पष्टता बनी रहे। भारत ने दुबई में ही अपने सारे मैच खेले और उन्हें हर मैच में स्टेडियम लगभग फुल ही देखने को मिले थे। भारत के सभी मैचों के लिए फैंस की संख्या स्टेडियम के अंदर तो काफी अधिक थी ही, लेकिन बाहर से सपोर्ट करने वाले भी असंख्य थे।

## आईपीएल में 2 साल के लिए बैन हो सकते हैं हैरी ब्रूक, इस बार नहीं मिलेगी कोई छूट




**नईदिल्ली( एजेंसी )।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का 22 मार्च से आगाज हो रहा है. इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स को झटका लगा है. इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी हैरी ब्रूक ने आईपीएल 2025 से अपना नाम वापस ले लिया है. पिछले सीजन भी ब्रूक ने आईपीएल से अपना नाम वापस ले लिया था. हालांकि इस बार उनका ये फैसला उनपर भारी पड़ सकता है, क्योंकि अब आईपीएल के नए नियमों के मुताबकि उनपर 2 साल का आईपीएल खेलने से बैन लग सकता है. आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने हैरी ब्रूक को 6.25 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन अब उन्होंने आईपीएल 2025 नहीं खेलने का फैसला किया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक अगर आयोजक आईपीएल नियम का पालन करते हैं तो ब्रूक को पर आईपीएल खेलने पर 2 साल के लिए बैन लग जाएगा. हैरी ब्रूक ने 9 मार्च को सोशल मीडिया के जरिए फैंस को ये जानकारी दी. उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स की टीम और उनके फैंस से भी माफी मांगी. ब्रूक ने कहा कि उनके लिए यह काफी मुश्किल फैसला था. वह इस समय पूरी तरह से इंग्लैंड टीम पर फोकस करना चाहते हैं. ब्रूक ने आखिरी बार सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से आईपीएल 2023 में खेले थे. इससे पहले उन्होंने आईपीएल 2024 में निजी कारणों का हवाला देते हुए अपना नाम वापस ले लिया था. इससे पहले भी हर सीजन कोई न कोई खिलाड़ी निजी कारणों की वजह से आईपीएल से अपना नाम वापस लेते रहे हैं.

## चैंपियंस ट्रॉफी जीतते ही एक दूसरे को गले लगाते दिखे विराट कोहली अनुष्का शर्मा

### देखकर खुशी से झूम उठे फैंस

**दुबई( एजेंसी )।** भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी का ताज अपने सिर पर सजा लिया है. रविवार को दुबई में खेले गए फाइनल मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा दिया. इस बीच सोशल मीडिया पर विराट कोहली का एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है. जिसमें वो भारत की जीत के बाद खुशी से झूमते नजर आ रहे हैं. क्रिकेटर ने जीत के बाद सबसे पहले क्या किया, वो मोमेंट भी कैमरे में कैद हो गया. इस वीडियो को देखने के बाद अब विराट और उनकी पत्नी एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा के फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है. एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा अपने पति विराट को सपोर्ट करने और पूरी टीम इंडिया की हौसला अफजाई करने के लिए मैच देखने मैदान में मौजूद थी. वहीं, चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद सबसे पहले विराट कोहली ऑडियंस में बैठी अनुष्का शर्मा की तरफ भागकर जाते हैं. वहीं अनुष्का भी उनकी तरफ दौड़कर जाती हैं और दोनों एक दूसरे को गले लगा लेते हैं. इसके बाद विराट



अनुष्का का हाथ पकड़कर उन्हें ग्राउंड की तरफ ले जाते हैं. दोनों का वीडियो खूब वायरल हो रहा है. बता दें, इस दौरान एक्ट्रेस डेमिन शर्ट और मैचिंग शॉर्ट्स में दिखाई दी. अनुष्का शर्मा और विराट कोहली का ये वीडियो फैंस को खूब पसंद आ रहा है और वो कमेंट्स कर प्यार लुटा रहे हैं. एक यूजर ने लिखा- ये सिर्फ एक मूमेंट नहीं, सुकून है. दूसरे ने लिखा- वाह, जीत के बाद अनुष्का और विराट का गले लगना प्योर गोल्ड जैसा है, क्रिकेट के मैदान पर चमकता सच्चा प्यार. तीसरे ने लिखा- बहुत ही प्यारा कपल है.

## आईएलएंडएफएस इनविट - रोडस्टार इंफ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट - एनएसई पर सूचीबद्ध, मूल्य और विकास क्षमता को अनलॉक करता है

**रायपुर।** इंफ्रास्ट्रक्चर लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज (आईएलएंडएफएस) ने रोडस्टार इंफ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट इनविट (आरआईआईटी) इकाइयों को एक लिस्टिंग समारोह में एनएसई पर सूचीबद्ध किया। इसमें आईएलएंडएफएस समूह के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री नंद किशोर; अध्यक्ष डॉ जे एन सिंह, और रोडस्टार इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स लिमिटेड (आरआईएमएल) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री डैनी सैमुअल और नए बोर्ड के कई सदस्य उपस्थित थे। आरआईआईटी की लिस्टिंग इनविट के वितरण के बाद हुई है - जिसमें 6 अंतर्निहित सड़क संपत्तियां हैं। इसका उद्यम मूल्यांकन 8,592 करोड़ रुपये है, इस प्रकार आईएलएंडएफएस समूह की ऋण समाधान के लिए विविध वित्तीय साधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने की क्षमता को रेखांकित करता है। रोडस्टार इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रायोजित रोडस्टार इंफ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट की स्थापना भारत में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से स्वामित्व, संचालन और निवेश करने के




उद्देश्य से की गई थी, और यह इनविट विनियमों के तहत पंजीकृत है। रोडस्टार इन्फ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट के पास अपने प्रोजेक्ट एसपीवी के माध्यम से अपने पोर्टफोलियो के तहत 6 सड़क परिसंपत्तियां हैं, जिनकी कुल लंबाई 685.16 किलोमीटर है, जो भारत के 6 राज्यों में स्थित हैं - अर्थात मुरादाबाद बरेली एक्सप्रेसवे लिमिटेड (एमबीईएल), सीकर बीकानेर हाईवे लिमिटेड (एसबीएचएल), पुणे शोलापुर रोड डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (पीएसआरडीसीएल), बरवा अड्डा एक्सप्रेसवे लिमिटेड (बीएईएल), तिरुवनंतपुरम रोड डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (टीआरडीसीएल) और हजारीबाग रांची एक्सप्रेसवे लिमिटेड (एचआरईएल)। इस महत्वपूर्ण इनविट लिस्टिंग के साथ, आईएलएंडएफएस ने अपने ऋण समाधान की यात्रा में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है, जिसकी पहचान हाल ही में अपने लेनदारों को 5,000 करोड़ रुपये के अंतरिम वितरण के पूरा होने से हुई है। इस वितरण में 3,500 करोड़ रुपये की इनविट इकाइयां और 1,500 करोड़ रुपये की नकदी शामिल है, जो समूह की अपने समाधान प्रयासों में निरंतर प्रगति को दर्शाता है। आईएलएंडएफएस समूह के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री नंद किशोर ने कहा, आईएलएंडएफएस इनविट की सफल लिस्टिंग एक अभिनव समाधान विकल्प का प्रतिनिधित्व करती है जिसे नए बोर्ड द्वारा चुना और पूरा किया गया, जिससे हमारी सड़क परिसंपत्तियों के लिए रिटर्न को अधिकतम करते हुए कुशल समाधान सुनिश्चित हुआ।

## भारत में कमर्शियल वाहनों की बिक्री में वित्त वर्ष 2025-26 में आएगी तेजी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारत में कमर्शियल वाहन (सीवी) इंडस्ट्री की होलसेल वॉल्यूम में वित्त वर्ष 2025-26 में सालाना आधार पर 3-5 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिल सकती है, जो कि इस सेगमेंट में मजबूत रिकवरी को दिखाता है। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई रिपोर्ट में दी गई। आईसीआरए की रिपोर्ट में बताया गया कि वित्त वर्ष 25 में सीवी सेगमेंट में वॉल्यूम सपाट रहा है। इसकी वजह लोकसभा चुनावों के कारण मांग में धीमापन आना था। इंडस्ट्री आउटलुक पर आईसीआरए की वरिष्ठ वाइस प्रेसिडेंट, किंजल शाह ने कहा, कि निर्माण और बुनियादी ढांचे की गतिविधियों में तेजी आना, स्थिर ग्रामीण मांग के साथ-साथ पुरानी हो चुकी फ्लीट के कारण अधिक प्रतिस्थापन बिक्री के चलते इंडस्ट्री वॉल्यूम में वित्त वर्ष 25 के अंत और फिर वित्त वर्ष 26 के दौरान बढ़त देखने को मिल सकती है। आईसीआरए को उम्मीद है कि घरेलू सीवी उद्योग के लिए दीर्घकालिक विकास कारक बरकरार रहेंगे। हाल के बजटीय आवंटन में उच्च बुनियादी ढांचा पूंजी परिव्यय से बुनियादी ढांचे के विकास में निरंतर वृद्धि, खनन गतिविधियों में लगातार वृद्धि और सड़कों/राजमार्ग कनेक्टिविटी में सुधार से भविष्य में वॉल्यूम को समर्थन मिलने की उम्मीद है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि प्रतिस्थापन मांग भी अच्छी बनी रहेगी, जिसका मुख्य कारण मध्यम एवं भारी वाणिज्यिक वाहनों (एमएंडएचसीवी) का पुराना होना है और इसके लगभग 10 वर्ष पुराना होने का अनुमान है। इससे मध्यम अवधि में उद्योग के विस्तार में सहायता मिलने की उम्मीद है। इन सभी कारणों के चलते एमएंडएचसीवी (ट्रक) की थोक वॉल्यूम वित्त वर्ष 26 में 3 प्रतिशत से अधिक बढ़ सकती हैं। वित्त वर्ष 25 में यह सपाट रहा या इसमें मामूली गिरावट देखने को मिली थी। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि माल ढुलाई दरों में वृद्धि से उद्योग की मांग की संभावनाओं को समर्थन मिलने की संभावना है।

## कुमार संगकारा के दमदार शतक की बदौलत श्रीलंका मास्टर्स ने इंग्लैंड मास्टर्स को आईएमएल 2025 से बाहर किया

**रायपुर :** सलामी बल्लेबाज और कप्तान कुमार संगकारा ने सोमवार को शानदार शतक लगाकर रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए अपने अंतिम ग्रुप स्टेज मैच में श्रीलंका मास्टर्स को इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (IML) 2025 मुकाबले में इंग्लैंड मास्टर्स पर नौ विकेट से जीत दिलाई। इस जीत ने इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2025 की अंक तालिका में श्रीलंकाई मास्टर्स को शीर्ष पर पहुंचा दिया है। इस हार के साथ ही इंग्लैंड मास्टर्स की टूर्नामेंट के नॉकआउट में पहुंचने की उम्मीदें भी खत्म हो गईं, हालांकि उनके पास प्रतियोगिता में एक और मैच बचा है। संगकारा के नेतृत्व में खेल रही श्रीलंका मास्टर्स टीम ने पहले ही सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली थी, इसलिए वे आत्मविश्वास से लबरेज होकर मैदान में उतरे और पहले गेंदबाजी करने का उनका फैसला सही साबित हुआ। उसके गेंदबाजों ने इंग्लैंड मास्टर्स को 20 ओवर में 146/5 के मामूली स्कोर पर रोक दिया।



15.4 ओवर के अंदर लक्ष्य का पीछा करके लीडरबोर्ड में शीर्ष पर पहुंचने के मौके के साथ, श्रीलंका मास्टर्स ने पूरी ताकत से खेलते हुए जीत दर्ज की। संगकारा ने आगे बढ़कर 47 गेंदों में 19 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 106 रन बनाए और दर्शकों को स्ट्रोक प्ले में मास्टरक्लास का अनुभव कराया। इस प्रतिष्ठित बाएं हाथ के बल्लेबाज ने इंग्लैंड मास्टर्स के गेंदबाजी आक्रमण की जमकर खबर ली और उनकी गेंदों मैदान के सभी हिस्सों में भेजा। उनके सलामी जोड़ीदार रोमेश कालूवितरणा ने भी शानदार प्रदर्शन किया और दूसरे छोर से आतिशबाजी जैसी बल्लेबाजी का नजारा दिखाया। दोनों ने पावरप्ले में श्रीलंका को 76 रन तक पहुंचाया। संगकारा की टाइमिंग और प्लेसमेंट से ऐसा लग रहा था जैसे उन्होंने कभी खेल छोड़ा ही नहीं था। उन्होंने हर शॉट में खूबसूरती थी, सटीकता के साथ गैप को भेदते हुए इंग्लिश गेंदबाजों को लगातार दबाव में रखा।

ओस के जमने के साथ ही श्रीलंका ने कोई रहम नहीं दिखाया और मात्र नौ ओवर में 108/0 का स्कोर बना लिया। मैच की किस्मत लगभग तय हो चुकी थी, लेकिन दिमित्री मास्कारेनहास ने कालूविथाराना (16) का विकेट लेकर इंग्लैंड की कुछ पल का सुकून दिलाया। यह हालांकि इंग्लैंड मास्टर्स के लिए खुशी मनाने का यही एकमात्र मौका था, क्योंकि संगकारा और असेला गुनारत्ने (नाबाद 22) ने लय नहीं खोई और मात्र 12.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले, इंग्लैंड मास्टर्स के फिल मस्टर्ड ने 35 गेंदों में 50 रन बनाकर अपनी टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। इस दौरान उन्होंने दो अहम साझेदारियां कीं। पहली साझेदारी कप्तान इयोन मोर्गन (10) के साथ 37 रन और दूसरी टिम एम्ब्रोस (17) के साथ 50 रन की। लेकिन जब मस्टर्ड अपनी लय बदलने के लिए तैयार दिख रहे थे, तभी श्रीलंकाई गेंदबाजों ने बाजी पलट दी। नियमित अंतराल पर विकेट हासिल करते हुए इंग्लैंड के मध्यक्रम को कभी जमने नहीं दिया। टिम ब्रेसनन (नाबाद 18) और क्रिस ट्रेमलेट (नाबाद 14) ने आखिरी क्षणों में 30 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की लेकिन उनका प्रयास टीम को 146/5 से आगे जाने के लिए पर्याप्त नहीं था। अहम बात यह थी कि टूर्नामेंट के हाई स्कोरिंग मैचों को देखते हुए यह औसत से कम स्कोर था। इसुरु उदाना, सुरंगा लकमल और असेला गुणरत्ने जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की अगुआई में श्रीलंकाई गेंदबाजी इकाई ने वेरिएशंस और चतुराईपूर्ण फील्ड प्लेसमेंट से अंग्रेजों को परेशान किया और रन स्कोरिंग में कोई बड़ी तेजी नहीं आने दी। संक्षिप्त स्कोर: इंग्लैंड मास्टर्स 146/5 (फिल मस्टर्ड 50, टिम ब्रेसनन 18 नाबाद; इसुरु उदाना 1/21, असेला गुनारत्ने 1/21) श्रीलंका मास्टर्स (कुमार संगकारा 106 नाबाद, असेला गुनारत्ने 22 नाबाद, रोमेश कालूविथाराना 16) से 9 विकेट से हार गए।

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, बुधवार 12 मार्च 2025



## दुधावा जलाशय परियोजना के लिए 42.28 करोड़ रु. स्वीकृत

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा कांकेर जिले के विकासखंड-नरहरपुर बांध सुरक्षा ड्रिप फेस-2 में दुधावा जलाशय परियोजना के लिए 42 करोड़ 28 लाख 33 हजार रुपए स्वीकृत किए गए है। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से परियोजना के कार्यों को कराने के लिए मुख्य अभियंता महानदी परियोजना रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

## काजारिया इटरनिटी एक्सपीरियंस सेंटर का भव्य उद्घाटन

### राजधानी रायपुर में भारत के नम्बर-1 जीवीटी ब्रांड का नया कदम



**रायपुर में प्रीमियम टाइल्स के नए युग की शुरुआत-** नया काजारिया इटरनिटी एक्सपीरियंस सेंटर आधुनिक डिजाइनों, उच्च गुणवत्ता और टिकाऊ टाइल्स के अनूठे संगम के साथ ग्राहकों को उनके सपनों का घर और कमर्शियल स्पेस डिज़ाइन करने में सहायता करेगा। यहां काजारिया इटरनिटी के बेहतरीन और एक्सक्लूसिव संग्रह को करीब से देखने और समझने का अवसर मिलेगा।

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारत के नं. 1 जीवीटी ब्रांड काजारिया इटरनिटी ने आज रायपुर में अपने अत्याधुनिक इटरनिटी एक्सपीरियंस सेंटर का भव्य शुभारंभ किया। यह सेंटर देवपुरी, पुराना धमतरी रोड, टाटा महादेव शोरूम के बगल में, रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित है और ग्राहकों को टाइल्स की नवीनतम एवं प्रीमियम रेंज का अनुभव प्रदान करेगा। इस भव्य उद्घाटन का आयोजन श्री अमित जैन, वाइस-प्रेसिडेंट, सेल्स, काजारिया इटरनिटी के द्वारा किया गया है। इस अवसर पर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी, प्रतिष्ठित आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर डिजाइनर्स और कई नामी ग्राहक उपस्थित रहेंगे।

**नवाचार और उत्कृष्टता की पहचान- काजारिया इटरनिटी-** काजारिया इटरनिटी ने हमेशा नवाचार और उत्कृष्टता को प्राथमिकता दी है, और यह नया एक्सपीरियंस सेंटर ग्राहकों को उनके स्पेस के लिए सबसे उपयुक्त समाधान चुनने में मदद करेगा। ब्रांड की प्रतिबद्धता प्रीमियम क्वालिटी और अत्याधुनिक डिजाइनों को ग्राहकों तक पहुंचाने की है, जिससे हर स्थान को बेहतरीन और भव्य बनाया जा सके। काजारिया इटरनिटी एक्सपीरियंस सेंटर, रायपुर में टाइल्स के शानदार संग्रह का अनुभव लेने के लिए सभी ग्राहकों को सादर आमंत्रित किया जाता है। आइए और अपने स्पेस को एक नया आयाम देने के लिए प्रेरित हों।

## जय श्रीराम के नारों के साथ संजय यादव ने माना कैम्प नगर पंचायत अध्यक्ष पद की ली शपथ




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर जिले की चर्चित नगर पंचायत माना कैंप नगर पंचायत में आज जय श्री राम के नारों के साथ माना कैंप नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय यादव ने शपथ ली। साथ ही नगर पंचायत के 15 पार्षदों ने भी शपथ ली। मंगल भवन में आयोजित नगर पंचायत के प्रथम सम्मेलन में रायपुर एसडीएम ने नगर पंचायत अध्यक्ष संजय यादव को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उसके बाद समस्त पार्षदों को एक साथ पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में रायपुर ग्रामीण के लोकप्रिय विधायक आदरणीय मोतीलाल साहू जी, भाजपा आईटी सेल के प्रदेश संयोजक दीपक मास्के जी, पूर्व विधायक नंदकुमार साहू जी, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर जी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री अकबर अली जी, भाजपा माना मंडल के अध्यक्ष रविंद्र सिंह ठाकुर एवं भाजपा माना मंडल के युवा मोर्चा के अध्यक्ष नरेश पिल्ले जी के साथ नगर के गणमान्य नागरिक, समस्त पार्षद जनों के समर्थक, भाजपा के ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ता, नगर पंचायत के सभी अधिकारी गण उक्त कार्यक्रम में मौजूद रहे। माना कैम्प नगर पंचायत में भाजपा की सरकार बनाने में विशेष योगदान देने वाले भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्यामा प्रसाद चक्रवर्ती का विशेष योगदान रहा जिनके अथक प्रयास से भारतीय जनता पार्टी का अध्यक्ष नगर पंचायत माना कैंप में काबिज़ हुआ। शपथ ग्रहण के उपरांत नगर पंचायत उपाध्यक्ष का चुनाव हुआ जिसमें भाजपा के के. ऐबू उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। उन्होंने कांग्रेस के सुजीत दास को पराजित किया। कार्यक्रम के समापन पर नगर पंचायत सीएमओ मोनेश्वर शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### एआईयू वुडबॉल चैंपियनशिप 2025

## श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी की टीम ने पुरुष टीम स्ट्रोक इवेंट में रजत पदक जीतकर रचा इतिहास




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** परुल यूनिवर्सिटी, वडोदरा, गुजरात में आयोजित एआईयू वुडबॉल चैंपियनशिप 2025 में श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी, रायपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष टीम स्ट्रोक इवेंट में रजत पदक जीता। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में देशभर की शीर्ष यूनिवर्सिटी टीमों ने हिस्सा लिया, लेकिन श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के खिलाड़ियों ने बेहतरीन तकनीक और मजबूत टीम वर्क का प्रदर्शन करते हुए खुद को साबित किया।

पुरुष टीम स्ट्रोक इवेंट के मुकाबले बेहद चुनौतीपूर्ण रहे, जहां श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी की टीम ने गोंडवाना यूनिवर्सिटी और जीबी यूनिवर्सिटी जैसी मजबूत टीमों को हराकर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया। खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासन, धैर्य और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे वे फाइनल तक पहुंचे और शानदार रजत पदक जीतने में सफल रहे।

श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी की टीम के हर खिलाड़ी ने इस जीत में अहम भूमिका निभाई। टीम के प्रमुख खिलाड़ी विपुल कुमार दास, अनिल कुमार, विष्णु देशवाल, कुलदीप राव, कुलवंत चौधरी, अजय कुमार ने पूरे टूर्नामेंट में

### शानदार खेल, कड़ी टक्कर और ऐतिहासिक प्रदर्शन से एस.आर.यू. की जीत

जबरदस्त खेल दिखाया और अपनी टीम को रजत पदक दिलाने में अहम योगदान दिया।

इस ऐतिहासिक जीत के बाद श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी, रायपुर में जश्न का माहौल देखने को मिला। विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और खेल प्रेमियों ने टीम की इस उपलब्धि पर खुशी जताई। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उनकी मेहनत व समर्पण की सराहना की।

टीम के स्टार खिलाड़ी विपुल कुमार दास ने अपनी जीत पर कहा कि यह हमारे लिए गर्व का क्षण है। हमने इस टूर्नामेंट के लिए कड़ी मेहनत की थी और हमारी टीम ने पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ खेला। हम आगे भी अपनी यूनिवर्सिटी और देश का नाम रोशन करने के लिए पूरी मेहनत करेंगे। इस ऐतिहासिक जीत के लिए एस.आर.यू के प्रति कुलाधिपति श्री एस.एस बजाज, कुलपति प्रो. एस के सिंह और कुलसचि सौरभ कुमार शर्मा ने बी.पी.ई.एड के डायरेक्टर डॉ. सुमित तिवारी एवं उनकी टीम को बहुत बहुत शुभकामनाएं दी।

## अमर पारवानी का सम्मानजनक निर्णय- 'व्यापारी हित सर्वोपरि'

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जय व्यापार पैनल के अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि वे प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों एवं जय व्यापार पैनल के



हित को ध्यान में रखते हुए आगामी चेम्बर चुनाव में जय व्यापार पैनल के अध्यक्ष प्रत्याशी पद से अपना नाम वापस लेने का निर्णय ले रहे है। लेकिन व्यापारिक समाज की सेवा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए उनका संकल्प सदैव अटूट रहेगा।

यह निर्णय किसी व्यक्तिगत लाभ या हानि से परे, व्यापारी समाज के हितों, संगठन की गरिमा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से लिया गया है। जय व्यापार पैनल को अब तक जो अपार समर्थन, स्नेह और विश्वास व्यापारियों से मिला, वह हमारे लिए सबसे बड़ी पूंजी है, हमें विश्वास है यह समर्थन हमेशा मिलता रहेगा। हम जय व्यापार पैनल की ओर से सभी व्यापारी साथियों का आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने हमें निरंतर समर्थन और विश्वास दिया। हमारा उद्देश्य हमेशा व्यापारिक समाज के हितों की रक्षा करना और उनके सम्मान को सर्वोपरि रखना रहेगा। हमारा यह निर्णय एक अंत नहीं, बल्कि व्यापारी समुदाय के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक नया संकल्प है। मै जय व्यापार पैनल के साथ सदैव व्यापारियों के साथ खड़ा रहूँगा। और उनके अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहूँगा।

## होली त्यौहार के मद्देनजर 70 से अधिक चाकूबाजों, हिस्ट्रीशीटरों एवं अपराधिक तत्वों को क्राईम ब्रांच हाजिर कर दी गई कड़ी समझाईश



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आगामी होली त्यौहार के मद्देनजर पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशानुसार चाकूबाजों, हिस्ट्रीशीटरों एवं अपराधिक तत्वों को दी गई कड़ी समझाईश। होली त्यौहार के दौरान अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर चाकूबाजों, हिस्ट्रीशीटरों एवं अपराधिक तत्वों की परेड लेकर दी गई कड़ाई से समझाईश। अलग- अलग थाना क्षेत्रों में निवासरत 70 से अधिक चाकूबाजों, हिस्ट्रीशीटरों एवं अपराधिक तत्वों को किया गया क्राईम ब्रांच हाजिर। अब तक 470 से अधिक चाकूबाजों, हिस्ट्रीशीटरों एवं अपराधिक तत्वों को क्राईम ब्रांच हाजिर कर ली जा चुकी है उनकी परेड।

आगामी होली त्यौहार के दौरान अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम श्री संदीप मित्तल, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम श्री संजय सिंह एवं प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट निरीक्षक परेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में क्राईम ब्रांच की टीम द्वारा आज दिनांक 11.03.25 को अलग- अलग थाना क्षेत्रों में निवासरत 70 से अधिक चाकूबाजों, हिस्ट्रीशीटरों एवं अपराधिक तत्वों को क्राईम ब्रांच में हाजिर किया गया।

पुलिस अधिकारियों द्वारा चाकूबाजों, हिस्ट्रीशीटरों एवं अपराधिक तत्वों की परेड़ ली जाकर उन्हें कड़ाई से समझाईश दी गई, कि वे होली त्यौहार के दौरान किसी प्रकार की हुडदंगी व उत्पात ना मचाये साथ ही किसी भी प्रकार के अपराध में संलिप्त ना रहें तथा उनके साथी जो अपराधों में संलिप्त रहते है, उनके संबंध में भी पुलिस को जानकारी देने कहा गया। इस दौरान उनके निवास क्षेत्रों के आसपास किसी भी प्रकार की छोटी-बड़ी घटना होने पर सूचना तत्काल पुलिस को देने तथा त्यौहार के मद्देनजर क्षेत्र में सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करने कहा गया। अब तक कुल 470 से अधिक चाकूबाजों, हिस्ट्रीशीटरों एवं अपराधिक तत्वों को क्राईम ब्रांच हाजिर कर कड़ाई से समझाईश दिया जा चुका है।

## नारीत्व की भावना का सेलिब्रेशन : रामकृष्ण केयर अस्पताल, रायपुर में एक विशेष महिला दिवस



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर के रामकृष्ण केयर अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सिर्फ जश्न मनाने के बारे में नहीं था- यह देखभाल, जागरूकता और सशक्तिकरण के बारे में था। इस साल, हमने इस अवसर को एक अनोखे तरीके से मनाया, यह सुनिश्चित करते हुए कि कॉर्पोरेट पेशेवरों से लेकर आस-पास के गांवों की महिलाओं तक, हर महिला को स्नेह-प्यार और सम्मान महसूस हो।

**हमारी दीवारों से परे देखभाल का विस्तार-** इस विशेष दिन को चिह्नित करने के लिए, हमने विभिन्न कंपनियों की महिला कर्मचारियों के साथ-साथ पड़ोसी गांवों की महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया। इन शिविरों में आवश्यक जांच और परामर्श प्रदान किए गए, जिससे महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई। हमारी विशेषज्ञ चिकित्सा टीम ने यह सुनिश्चित किया कि प्रत्येक महिला को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मार्गदर्शन और सहायता मिले, नियमित जांच के महत्व पर जोर दिया।

**मौज-मस्ती और आपसी जुड़ाव से भरा इन-हाउस उत्सव-** रामकृष्ण केयर अस्पताल में, हमारी महिला कर्मचारी हमारी ताकत हैं, और हमने उन्हें सबसे खुशी भरे तरीके से मनाना सुनिश्चित किया! यह कार्यक्रम हंसी, नृत्य और खेलों से भरा हुआ था, जिससे खुशी और एकजुटता के पल पैदा हुए। रोमांचक गतिविधियों से लेकर दिल को छू लेने वाली बातचीत तक, यह आराम, जुड़ाव और षुद्ध उत्सव का दिन था। कमरे में ऊर्जा का संचार हो रहा था क्योंकि हर कोई अपने बालों को खुला छोड़कर दिन की भावना को गले लगा रहा था।

**हमारी दीवारों से परे देखभाल का विस्तार-** इस विशेष दिन को चिह्नित करने के लिए, हमने विभिन्न कंपनियों की महिला कर्मचारियों के साथ-साथ पड़ोसी गांवों की महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया। इन शिविरों में आवश्यक जांच और परामर्श प्रदान किए गए, जिससे महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई। हमारी विशेषज्ञ चिकित्सा टीम ने यह सुनिश्चित किया कि प्रत्येक महिला को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मार्गदर्शन और सहायता मिले, नियमित जांच के महत्व पर जोर दिया।

**जागरूकता फैलाना: क्योंकि स्वास्थ्य सबसे पहले आता है-** महिलाओं के स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण महत्व को समझते हुए, हमने स्तन कैंसर की स्व-जांच, प्रारंभिक पहचान और महिलाओं को प्रभावित करने वाले कैंसर के लिए उपचार विकल्पों पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक जागरूकता सत्र भी आयोजित किया। हमारे सम्मानित चिकित्सा पेशेवरों डॉ. रवि जायसवाल के नेतृत्व में इस इंटरैक्टिव सत्र में उपस्थित लोगों को निवारक उपायों और नियमित जांच के महत्व के बारे में शिक्षित किया गया। ज्ञान शक्ति है, और इस पहल के माध्यम से, हमारा उद्देश्य महिलाओं को उनके स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना है।

**हमारे नेतृत्व के शब्द-** रामकृष्ण केयर अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप दवे के कुशल नेतृत्व में, हम महिलाओं के लिए सार्थक स्वास्थ्य सेवा पहलों को आगे बढ़ाना जारी रखते हैं। इस तरह के महत्वपूर्ण उत्सव का हिस्सा बनने पर अपना आभार और गर्व व्यक्त करते हुए, डॉ. दवे ने जोर देकर कहा, रामकृष्ण केयर अस्पताल में, हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हर महिला को सर्वोत्तम संभव देखभाल और सहायता मिले। इस महिला दिवस पर, हमने न केवल जश्न मनाया, बल्कि महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देने के अपने मिशन को भी मजबूत किया।

**उसे कभी भी रुकना नहीं पड़ता-** केयर हॉस्पिटल्स में, हमारा मिशन यह सुनिश्चित करना है कि हर महिला को विशेषज्ञ देखभाल, अटूट समर्थन और एक ऐसा स्थान मिले जहाँ स्वास्थ्य सबसे पहले आता है। हमारा मानना है कि एक महिला के स्वास्थ्य को कभी भी पीछे नहीं रहना चाहिए, और इस तरह की पहलों के माध्यम से, हम दयालु स्वास्थ्य सेवा के अपने वादे को पूरा करना जारी रखते हैं।

रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में महिला दिवस 2025 वास्तव में याद रखने लायक कार्यक्रम था- देखभाल, उत्सव और सशक्तिकरण का एक आदर्श मिश्रण। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते हैं, हम उन अविश्वसनीय महिलाओं का समर्थन करने और उनका उत्थान करने के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं जो हर दिन दुनिया को एक बेहतर जगह बनाती हैं।

## श्रीमती के. पेन्नम्मा का अंतिम संस्कार आज

**रायपुर।** तिलक नगर, एलआईजी 24, रायपुर निवासी



श्रीमती के. पेन्नम्मा (89वर्ष) का 9 मार्च को निधन हो गया है, उनका अंतिम संस्कार बुधवार 12 मार्च को सुबह 9 बजे निवास स्थान पर प्रार्थना के बाद 10:40 बजे हीरापुर जरवाय कब्रिस्तान रायपुर में किया जायेगा। वे ऐ.बी. कोशी, रेजू कोशी, रोसम्मा जोसफ, जूली की माताजी थीं। मो. 9827971124 (थॉमस मैथ्यू)।




ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाएँ
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544




प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354